दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। मंगलवार 24 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 90 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## ईरान में खत्म होगी जंग ?: अमेरिका ने बुशहर पर हमले का प्लान पांच दिन के लिए टाला

**सकारात्मक पहल**

**"ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, ईरान के साथ बेहद सकारात्मक बातचीत हुई है**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा अपडेट साझा किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, अमेरिका की ईरान के साथ सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसके बाद वह मिलिट्री को ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा ढांचों के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे।

उन्होंने दावा किया कि दोनों देशों के बीच मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर गंभीर वार्ता जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, 'ईरान के साथ पिछले दो दिनों में बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसका मकसद मध्य पूर्व में जारी टकराव का पूर्ण समाधान निकालना है।

चर्चाओं का ये दौर पूरे हफ्ते जारी रहेगा। दोनों देशों के बीच गहन और विस्तृत चचाओं के सकारात्मक रवैए को देखते हुए, 'मैंने अमेरिकी रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के पावर प्लांट्स और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया जाए।'

**एक दिन पहले ट्रंप और स्टार्मर ने की बातचीत :** इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने रविवार रात को फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मौजूदा हालात, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की जरूरत पर बात की, ताकि वैश्विक शिपिंग दोबारा शुरू हो सके।

### 'हमारी धमकी से डर गया अमेरिका', ट्रंप के बयान पर ईरान का जवाब

तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ईरान के ऊर्जा प्लांट्स पर पांच दिन तक हमले रोकने के निर्देश पर तेहरान ने पहली प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद पीछे हट गए हैं। बता दें कि, ट्रंप की तरफ से पहले दी चेतावनी की समय सीमा मंगलवार को लगभग सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार) पर समाप्त होनी थी। लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इसे पांच दिन बढ़ा दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के लेकर क्या दिया था निर्देश?

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जेवर दौरे को लेकर हाई अलर्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पीएम मोदी के 28 मार्च को प्रस्तावित जेवर दौरे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर एनसीआर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां तेज हो गई हैं।

नोएडा और गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के साथ-साथ गाजियाबाद पुलिस भी इस वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत केंद्र और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री व अधिकारी मौजूद रहेंगे, जिसे देखते हुए सुरक्षा के बहुस्तरीय इंतजाम किए जा रहे हैं।

### गाजियाबाद कमिश्नरेट से जाएगी बड़ी पुलिस फोर्स





सूत्रों के मुताबिक, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बड़ी संख्या में आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों को नोएडा भेजने की तैयारी है। इसके अलावा इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल और महिला पुलिसकर्मियों सहित सैकड़ों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी जेवर एयरपोर्ट और उससे जुड़े रूट्स पर लगाई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को त्रिस्तरीय बनाया जा रहा है, जिसमें लोकल पुलिस, पीएसी और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। खुफिया एजेंसियां भी लगातार इनपुट जुटाकर स्थानीय पुलिस के साथ साझा कर रही हैं, ताकि किसी भी तरह की चूक की संभावना को खत्म किया जा सके।


### वीवीआईपी मूवमेंट को सुचारु बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में लगाई जाएगी ट्रैफिक पुलिस

करंट क्राइम : नोएडा और जेवर क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट भी एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है। वीवीआईपी मूवमेंट को सुचारु बनाए रखने के लिए गाजियाबाद से एडीसीपी ट्रैफिक, एसीपी ट्रैफिक और ट्रैफिक इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली-नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और आसपास के लिंक मार्गों पर विशेष नजर रखी जाएगी। आम जनता को असुविधा से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम से एक दिन पहले फुल ड्रेस रिहर्सल कर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था का व्यापक परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान सभी एजेंसियां मिलकर मौके पर मौजूद रहेंगी और किसी भी खामी को तुरंत दूर किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम से पहले एक बार फिर स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं, ताकि सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जा सकें। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा तैयार किया जा रहा ड्यूटी प्लान अगले एक दो दिन में फाइनल कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी तैनात अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को नोएडा में रिपोर्ट करने के निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जेवर एयरपोर्ट और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बम निरोधक दस्तों की तैनाती भी प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर नोएडा और जेवर क्षेत्र को सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह से छावनी में तब्दील किया जा रहा है। प्रशासन का पूरा फोकस कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल तरीके से संपन्न कराने पर है, ताकि देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल इस एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान कोई व्यवधान न आए।

## सियासी अटकलों पर तोड़ी विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपनी चुप्पी, कहा - केसी त्यागी जी की ज्वाइनिंग से गठबंधन को मिली मजबूती, अमरीश त्यागी को शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में विचारधारा एक अलग विषय होता है और यहां राजनीतिक चुनौतियां अलग विषय होती हैं। कई बार राजनीति में ऐसा होता है कि जिन लोगों को परस्पर राजनीतिक विरोधी माना जाता है वो भी एक मंच पर आ जाते हैं। राजनीति में ये कहा भी जाता है कि यहां कोई स्थाई दोस्त नहीं है और यहां कोई स्थाई दुश्मन नहीं है। राजनीति समीकरण का खेल है। इन सबके बीच पूर्व सांसद और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव रहे केसी त्यागी एक लंबी पारी वहां खेलने के बाद अब राष्ट्रीय लोकदल में आ गये हैं। वो रालोद में आये हैं और रालोद इन दिनों भाजपा का सहयोगी दल है। भाजपा से मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी लगातार दूसरी बार विधायक हैं। अजीत पाल त्यागी का अपना एक सियासी कद है। उन्हें सियासत विरासत में भी मिली है और उन्होंने अपनी सियासत को अपनी कर्मभूमि में विकसित भी किया है। वो जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं। लगातार दूसरी बार विधायक हैं। केसी त्यागी को लेकर अक्सर ये धारणा कही जाती है कि यहां बिरादरी समीकरण और विचारधारा की बात हो तो ये अजीत पाल त्यागी के लिए राजनीतिक चुनौती है। लेकिन केसी त्यागी के रालोद में आने के बाद भी मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी पूरी तरह से निश्चिंत हैं। दैनिक करंट क्राइम ने सियासी अटकलों को लेकर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी से बात की। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल एनडीए का हिस्सा है। किसी के आने से अगर अपनी ताकत बढ़ती है तो उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के आने से एनडीए की ताकत बढ़ती है इसका स्वागत है। जहां तक केसी त्यागी के राष्ट्रीय लोकदल में आने की बात है तो मेरा व्यक्तिगत रूप से कहना है कि पूर्व सांसद केसी त्यागी मेरे बड़े हैं मेरे आदरणीय हैं। वो एनडीए के सहयोगी दल में आये हैं और जिस भी व्यक्ति के आने से एनडीए की ताकत बढ़ती है उस सहयोगी दल को मेरा समर्थन हैं। यहां संभावित चुनावी पारी और केसी त्यागी के पुत्र अमरीश त्यागी के चुनावी दावे को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद केसी त्यागी हमारे आदरणीय हैं और मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी खेल ली है। जहां तक उनके पुत्र अमरीश त्यागी की दावेदारी की बात है तो सबको प्रयास करना चाहिए और केसी त्यागी भी इसी प्रयास में हैं। मेरा अमरीश त्यागी को भी साधुवाद है और मैं छोटे भाई अमरीश त्यागी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।अजीत पाल त्यागी ने फिर दोहराया कि जो भी व्यक्ति एनडीए में आता है और एनडीए को मजबूती देता है तो मेरा उसे समर्थन है। उन्होंने कहा कि जहां तक केसी त्यागी का सवाल है तो उनके साथ समर्थन का रोचक संयोग रहा है। वो जहां से आये हैं वो दल भी एनडीए का हिस्सा है और जिस दल में उनकी आमद हुई है वो भी एनडीए का हिस्सा है।



## नगर आयुक्त व मेयर की मुहिम लाई रंग : गाजियाबाद नगर निगम को वॉटर मैनेजमेंट में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विश्व जल दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2025-26 कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम को बड़ी उपलब्धि मिली है। निगम को सस्टेनेबल अर्बन वॉटर मैनेजमेंट और सर्कुलर इकोनॉमी इन सेनिटेशन श्रेणियों में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वाटर डाइजेस्ट और यूनेस्को द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और जलकल विभाग की टीम को सम्मानित किया। इस दौरान निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के तहत संचालित तृतीयक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से शोधित जल का औद्योगिक उपयोग कराया जा रहा है, जो इस सम्मान का मुख्य आधार बना। महापौर सुनीता ने कहा कि 40 एमएलडी क्षमता वाले इस प्लांट के साथ नगर निगम ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार किया है।




इसके अलावा मियावाकी वृक्षारोपण, तालाबों का पुनरोद्धार, 100 से अधिक स्थानों पर वर्षा जल संचयन और 400 से अधिक सोसायटियों में रूफटॉप हार्वेस्टिंग जैसी पहलें भी की गई हैं। कार्यक्रम में नगर निगम ने जल संरक्षण और पुनर्चक्रण से जुड़ी योजनाओं को अन्य एजेंसियों के साथ साझा किया। शहर में बेहतर जल प्रबंधन, जलापूर्ति व्यवस्था और जन जागरूकता के प्रयासों के लिए निगम को यह सम्मान दिया गया है।

## पुलिस वालों की कुंडली तय करेगी उनकी पोस्टिंग कमिश्नर के एक बटन दबाते ही आएगा पूरा ट्रैक रिकॉर्ड बाहर

### सीपी बोले, यह तकनीक फास्ट और भरोसेमंद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद प्रणाली लागू होने के बाद गाजियाबाद पुलिस लगातार हाईटेक होती जा रही है। अब इसी कड़ी में एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाते हुए पुलिस विभाग ने लगभग साढ़े आठ हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का पूरा सर्विस रिकॉर्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

इस नई व्यवस्था के तहत अब किसी भी पुलिसकर्मी की पूरी जानकारी महज एक क्लिक पर हासिल की जा सकती है, जिससे न केवल कामकाज में तेजी आएगी बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के अनुसार, कमिश्नरेट में तैनात करीब साढ़े हजार पुलिसकर्मियों-जिनमें सिपाही से लेकर गजेटेड अधिकारी तक शामिल हैं, उनका डाटा इस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर में फीड किया गया है। पहले जहां किसी कर्मचारी की जानकारी के लिए मोटे रजिस्टर, फाइलें और कई स्तरों की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, वहीं अब यह पूरी व्यवस्था डिजिटल स्क्रीन पर सिमट गई है। इस सॉफ्टवेयर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पुलिसकर्मी का पूरा सर्विस प्रोफाइल एक जगह उपलब्ध है। इसमें उसकी तैनाती का इतिहास, किन-किन थानों या शाखाओं में काम किया, कितने और किस प्रकार के गुड वर्क किए, कब और किस कारण से लाइन हाजिर, सस्पेंड या तलब किया गया, साथ ही उसके अवकाश का पूरा रिकॉर्ड भी दर्ज है। इतना ही नहीं, किस कर्मचारी ने कब छुट्टी ली और उसकी कितनी छुट्टियां शेष हैं-यह जानकारी भी तुरंत सामने आ जाती है। इस डिजिटल सिस्टम के लागू होने से विभागीय कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### तीन साल के लिए लिया गया है सॉफ्टवेयर

करंट क्राइम : बातचीत में पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर को तीन साल के लिए हायर किया गया है। यदि इसका प्रदर्शन संतोषजनक रहा तो इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गाजियाबाद पुलिस पहले ही थाना परिसर, पुलिस लाइन और कार्यालयों के आधुनिकीकरण की दिशा में कई कदम उठा चुकी है और अब रिकॉर्ड सिस्टम को डिजिटल करना उसी श्रृंखला का अहम हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, इस सॉफ्टवेयर में कमिश्नरेट के तीनों जोन-सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण-में तैनात पुलिसकर्मियों का डाटा अपडेट किया गया है। वरिष्ठता, पदक्रम और कार्यप्रदर्शन के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है, जिससे अधिकारियों को किसी भी समय सटीक और अद्यतन जानकारी मिल सके। नई और तेज तकनीक से लैस यह सिस्टम न केवल समय की बचत करेगा, बल्कि पुलिसिंग को अधिक प्रोफेशनल और परिणामोन्मुख बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। गाजियाबाद पुलिस का यह कदम आने वाले समय में अन्य जिलों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकता है।

## देश विरोधी गतिविधि केस में अब तक 20 गिरफ्तार : जांच में और बड़े खुलासों के संकेत, मास्टरमाइंड शूटर भी रडार पर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र के भोवापुर इलाके से सामने आए कथित विदेशी लिंक और देश विरोधी गतिविधियों से जुड़े मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल केस में अब तक लगभग 20 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें आधा दर्जन से अधिक नाबालिग भी शामिल बताए जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 2 से 3 और गिरफ्तारी जल्द होने की संभावना है, जबकि शूटर नाम से पहचाने जा रहे मास्टरमाइंड की तलाश तेज कर दी गई है। बता दें कि कौशांबी थानाक्षेत्र के भोवापुर इलाके में ट्रांस हिंडन जोन से जुड़े नेटवर्क के जरिए कथित तौर पर विदेशी कनेक्शन के साथ देश विरोधी गतिविधियों का संचालन किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। शुरूआती जांच में सामने आया कि यह नेटवर्क युवाओं और नाबालिगों को अपने जाल में फंसाकर अवैध गतिविधियों में शामिल कर रहा था।

पुलिस ने लगातार छापेमारी और निगरानी के बाद इस गैंग का पदार्फाश किया। जांच के दौरान यह भी संकेत मिले कि इस नेटवर्क के तार दूसरे राज्यों तक जुड़े हो सकते हैं, जिसके चलते मामला और संवेदनशील हो गया है।

### कई राज्यों की एटीएस है एक्टिव

करंट क्राइम : पुलिस ने इस मामले में अब तक करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। तो इस केस की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश एटीएस, मुंबई एटीएस सहित हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यों की खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर हैं। सभी एजेंसियां इस नेटवर्क के संभावित इंटर-स्टेट और विदेशी कनेक्शन की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं।

### लोकल एसआईटी और क्राइम ब्रांच कर रही हैं पूरे मामले की जांच

करंट क्राइम : शुरूआती अटकलों के विपरीत फिलहाल यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को ट्रांसफर नहीं किया गया है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी), जिसमें क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस अधिकारी शामिल हैं, ही जांच को आगे बढ़ा रही है। वरिष्ठ अधिकारी रोजाना प्रगति रिपोर्ट पुलिस कमिश्नर और लखनऊ मुख्यालय को भेज रहे हैं।



### सख्त सजा दिलाने की तैयारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में इस केस को मजबूत पैरवी के साथ अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है। कमिश्नरेट के कन्विक्शन सेल को भी सक्रिय किया गया है ताकि आरोपियों को कठोर सजा दिलाई जा सके। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे संभव हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 24 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट




# पीएम जनसभा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद महानगर भाजपा की बैठक में ऐलान

## मंडल अध्यक्ष से लेकर पार्षदों सहित मिला है सभी जनप्रतिनिधियों को भी टारगेट








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करने 28 मार्च को आ रहे हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा में अधिक से अधिक भीड़ पहुंचे और एक बड़ा संदेश यहां से जाये, इसके लिए भाजपा रणनीति बना रही है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महामंत्री तथा क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंशी ने दिशा-निर्देश दिये और जनसभा की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधि पहुंचे, पदाधिकारी पहुंचे और अलग-अलग विषयों पर अपनी राय रखी। यहां पर क्षेत्रीय प्रभारी प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने पहले एयरपोर्ट की खूबियों को बताया। सरकारी की उपलब्धियों को बताया और फिर उन्होंने पूरी रणनीति की समीक्षा की। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा किसान मोर्चा, एससीएसटी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्षों को टारगेट दिया गया। बैठक में 350 से अधिक बसें ले जाने की बात हुई और ये भी तय हुआ कि सभी एक साथ जेवर की ओर प्रस्थान करेंगे। बैठक में ऐलान हुआ कि हर गांव से हर बूथ से कार्यकर्ता पहुंचेगे। इस बैठक में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा भी मौजूद थे।

### दो घंटे का सफर और 350 से अधिक बसों में कार्यकर्ता

करंट क्राइम। बैठक में बसों पर फोकस रहा। यहां गाजियाबाद महानगर से 350 से अधिक बसों का लक्ष्य रखा गया है। इन बसों में सवार होकर भाजपा कार्यकर्ता जेवर के लिए रवाना होंगे। बताते हैं कि यहां बसों पर फोकस इसलिए हैं क्योंकि वहां पर पार्किंग के लिए उतना स्थान नहीं है। ऐसे में वाहन पार्किंग के लिए भी स्थान रहे और कार्यकर्ताओं की संख्या भी अधिक रहे, इसलिए बसों का टारगेट रखा गया है। बैठक में बताया गया कि दो घंटे का सफर है इसलिए समय से वहां पहुंचना है।

### निर्वाचित पार्षद से लेकर नामित पार्षदों को मिला बस का टारगेट

करंट क्राइम। भाजपा महानगर की बैठक हुई और जनसभा की तैयारियों को लेकर लक्ष्य तय हुए। सूत्र बताते हैं कि यहां निर्वाचित पार्षदों को एक-एक बस का लक्ष्य दिया गया और नामित पार्षदों ने भी आगे बढ़कर एक एक बस की जिम्मेदारी ली है। इस तरह से पार्षद कोटे से लगभग 85 बसों में सवार होकर कार्यकर्ता पहुंचेगें। नामित पार्षदों के लिए यह पहला मौका है जब वो इस पद पर नियुक्त होने के बाद किसी रैली के लिए टारगेट वाले एजेंडे में हैं।

### किसी पार्षद ने मांगी दो बस तो किसी ने कहा तीन बस चाहिए

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री की जनसभा रैली को लेकर पार्षद टोला जोश में है। बताते हैं कि यहां संगठन की ओर से एक एक बस का टारगेट दिया है। यहां पर किसी पार्षद ने दो बसों की मांग की है तो किसी ने तीन बस भी मांगी है। ये पार्षद बसों में अपने अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ जेवर के लिए रवाना होंगे।

### महानगर टीम के नाम पर क्यों उठा एक ही हाथ

करंट क्राइम। महानगर की टीम घोषित हो गई है और ये उम्मीद थी कि नए पदाधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे आयेंगे। लेकिन बताते हैं कि जब संगठन वाली बैठक हुई और महानगर के पदाधिकारियों से बसों को लेकर कोई उम्मीद थी तो यहां केवल एक हाथ उठा और वो हाथ ललित कश्यप का था। ललित कश्यप ने एक बस की जिम्मेदारी ली है।

### यूथ मोर्चा और किसान मोर्चा अध्यक्षों ने मांगी 5-5 बसों

करंट क्राइम। मोर्चों की बात करें तो यहां पर भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने व्यक्तिगत रूप से 5-5 बसों की और मांग की है। वैसे तो दोनों मोर्चा को अलग अलग टारगेट मिला है। लेकिन यहां भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष तथा महानगर महामंत्री पंकज भारद्वाज ने दिये गये लक्ष्य से अलग 5-5 बस व्यक्तिगत रूप से मांगी। इसी तरह भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने भी दिये गये टारगेट के अलावा 5-5 बस अतिरिक्त मांगी हैं।

### मंडल अध्यक्ष को लानी हैं 5 तो मोर्चा वालों को मिला 20 बस का टारगेट

करंट क्राइम। बसों का टारगेट तय हो गया है। मंडल अध्यक्षों को अपने अपने मंडल से पांच पांच बसें भरकर ले जानी हैं। सभी ने सहमति में हाथ उठाये हैं। भाजपा युवा मोर्चा को 20 बस का टारगेट मिला है तो किसान मोर्चा को 10 बस लेकर जानी हैं। इसके अलावा अन्य मोर्चा वालों को भी 10-10 बसों का टारगेट दिया गया है।

### विधायक रहेंगे रैली में विधानसभा के संयोजक

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर जहां मंडल अध्यक्षों को टारगेट दिया गया है, मोर्चा अध्यक्षों को टारगेट दिया गया है। वहीं यहां विधायकों को भी इस रैली से जोड़ा गया है। प्रत्येक विधायक को उनकी विधानसभा का रैली संयोजक बनाया गया है। हर विधानसभा में एक संयोजक रहेगा। मंडल प्रवासी बसों की मॉनीटरिंग के लिए नियुक्त किये गये हैं।

### आज प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री लेंगे बैठक

करंट क्राइम। नोएडा की रैली को लेकर प्रदेश स्तर से मॉनीटरिंग हो रही है। प्रधानमंत्री की जनसभा है और कोई कमी ना रह जाये, इसके लिए संगठन पूरी ताकत लगा रहा है। आज नोएडा में होने वाली रैली को लेकर बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल मौजूद रहेंगे। प्रत्येक बिन्दु की समीक्षा होगी। बताते हैं कि इस मीटिंग में संगठन पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि भी बुलाये गये हैं। रैली में प्रदेश अध्यक्ष की ओर से दायित्व भी दिये जायेंगे।

# कई अध्यक्षों के साथ पारी खेलने वाले संजीव गुप्ता का नाम संगठन में न आना बना सर्खियां



### इतनी लंबी पारी खेलने वाले संजीव गुप्ता को जब टीम में जगह नहीं मिली तो सब हुए हैरान।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीतिक दलों में कुछ फेस ऐसे होते हैं जो गुटबाजी से दूर रहकर केवल विचारधारा के साथ काम करते हैं। ये चेहरे संगठन का बेस होते हैं। इस बार लिस्ट में कई चेहरे रिपीट नहीं हुए और कोई हैरानी भी नहीं थी क्योंकि ये तय था कि नई टीम नए अध्यक्ष और राष्ट्र से लेकर प्रदेश तक सबकुछ नया है। यहां तक तो बात ठीक थी लेकिन भाजपा में एक परिपाटी है और वो ये है कि यहां कोषाध्यक्ष पद पर वही चेहरे रिपीट होते हैं।

पहले भी आगरा से लेकर अमरोहा तक और गाजीपुर से लेकर गाजियाबाद तक यही रहा है। कोषाध्यक्ष पद पर पुराने चेहरे रिपीट हुए हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां तो इस मामले में बहुत ही कूल सीन रहा है क्योंकि सबके साथ सामंजस्य बिठाने वाले और किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दूर रहने वाले समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता महानगर कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे। ये नाम इसलिए भी खास है क्योंकि वो अपने ब्रांड नेम की तरह ही कूल हैं। सामने वाले को सम्मान देकर बात करना और हमेशा वैचारिक सामंजस्य बैठाकर काम करना संजीव गुप्ता की आदत है। सामाजिक और धार्मिक सरोकारों से जुड़कर चलते है। वैसे भी उनके पास जो पद था उसका दायित्व भी संगठन से जुड़ा है और इस पद पर धीर गंभीर चेहरों को ही मौका मिलता है। लेकिन जब महानगर की लिस्ट जारी हुई तो इस लिस्ट में संजीव गुप्ता का नाम नहीं आया। हैरानी स्वभाविक थी क्योंकि संजीव गुप्ता एक ऐसे कोषाध्यक्ष हैं जिन्होंने महानगर अध्यक्षों के रूप में अशोक मोंगा, अजय शर्मा, मान सिंह गोस्वामी और संजीव शर्मा के साथ पारी खेली है। लेकिन जब उनका नाम नहीं आया तो ये हैरानी थी। क्योंकि एक ऐसा चेहरा जो दी गई जिम्मेदारी को पूरे दायित्व के साथ पालन करते हैं। कभी किसी से विवाद की खबर तो उनके लिए कल्पना भी नहीं की जाती। संगठन वाले अनुशासन के फ्रेम में फिट बैठते हैं लेकिन इतनी लंबी पारी खेलने वाले संजीव गुप्ता को जब टीम में जगह नहीं मिली तो सब हैरान। आखिर ये नाम क्यों नहीं आया।

### समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का है अपना सामाजिक और व्यापारिक प्रोफाईल

करंट क्राइम। संजीव गुप्ता के धार्मिक संस्कारों की बात करें तो मां वैष्णोधाम के संस्थापक हैं। वो राजनगर के स्कॉन मंदिर से जुड़ेहैं। राजनगर की रामलीला में राम भक्त के रूप में वो सबसे आगे मिलते हैं। दर्जनों धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हैं। उनके व्यापारिक प्रोफाईल की बात करें तो वो एक बड़ी कंपनी के सीएमडी हैं। समरकूल ब्रांड आज पूरे देश में एक नामी ब्रांड है। उनके व्यापार मंडल वाले प्रोफाईल की बात करें तो तो प्रदेश अध्यक्ष जैसे दायित्व मिले हैं। बड़ी बात ये है कि डाउन टू अर्थ रहते हैं। एक बड़ा प्रोफाईल है उसके बाद भी उनका नाम लिस्ट में नहीं है तो हैरानी स्वभाविक है।

### प्रदेश और क्षेत्र वाले किस फ्रेम में जगह बनायेंगे संजीव गुप्ता

करंट क्राइम। कुछ चेहरे राजनीति में ऐसे होते हैं जो सर्व स्वीकार्य होते हैं। उनके नाम पर कोई विवाद ही नहीं होता है। संजीव गुप्ता की बात करें तो वो सबकी खुशियों में शामिल होने वाले व्यक्तित्व हैं। अगर किसी के घर के बाहर होर्डिंग लगाकर बधाई देते हैं तो सबके फोटो को स्थान देते हैं। ऐसा नहीं कि एक के घर के बार होर्डिंग लगाया और दूसरे के घर के बाहर नहीं लगाया। सबको समान सम्मान देते हैं। हमेशा पार्टी के लिए तैयार रहते हैं। एक प्रतिष्ठित प्रोफाईल के मालिक हैं और अब यही चर्चा है कि पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहने वाले इस चेहरे को क्या प्रदेश और क्षेत्र वाली टीम में कोई दायित्व मिलेगा। अभी उम्मीदें बाकी हैं और एक ऐसा चेहरा जो शहर की भी शख्सियत है व्यापार जगत की भी शख्सियत है और सबसे बड़ी बात ये है कि यह चेहरा भाजपा का देवतुल्य कार्यकर्ता है।

# एसीपी स्वतंत्र सिंह बने एडीसीपी, नोएडा सीपी ने लगाया बैज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह को प्रमोशन देकर एडीसीपी बना दिया गया है। सोमवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और एडिशनल सीपी राजीव नारायण मिश्र ने उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वतंत्र सिंह अपनी सख्त और प्रभावी पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं। गाजियाबाद में लंबे समय तक तैनाती के दौरान उन्होंने इंदिरापुरम, घंटाघर कोतवाली, साहिबाबाद और कविनगर जैसे अहम सर्किलों में कार्य करते हुए कई बड़ी वारदातों का खुलासा किया और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। उनकी कार्यशैली तेज-तर्रार और परिणाम देने वाली मानी जाती है। निशानेबाजी में भी स्वतंत्र सिंह की खास पहचान है। उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेटिनम, गोल्ड और सिल्वर मेडल मिल चुके हैं। इसके अलावा डीजीपी स्तर से भी उन्हें कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में उनकी भूमिका हमेशा अहम रही है। यही वजह है कि नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में उनके प्रमोशन को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# 'सवाल करने का अधिकार लोकतंत्र की असली ताकत' : बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लगभग 2500 वर्ष पूर्व यूनान के शहर एथेंस में सुकरात नाम के दार्शनिक हुए हैं। वे अपना मत प्रस्तुत करने के बजाय प्रश्न पूछते थे और प्रश्नों के माध्यम से ही लोगों को सत्य का अनुभव कराते थे। प्रश्न पूछना उस समय अपराध माना गया और इसके लिए उन्हें विषपान कराकर मृत्यु दंड दिया गया।

2500 वर्ष बाद प्रश्न पूछना अपराध तो नहीं है लेकिन प्रश्न पूछने से लोग नाराज होते हैं। प्रश्न पूछने पर लोगों को विषपान कराकर मृत्यु का वरण करने के लिए विवश तो नहीं किया जा सकता है लेकिन जिससे भी प्रश्न पूछा जाता है, वह असहज हो जाता है और अगर वह प्रश्न कर्ता को अगर हानि पहुंचाने की स्थिति में है तो हानि पहुंचाने का प्रयास जरूर करता है।

आज लोकतंत्र है ।यह शासन व्यवस्था सबसे बेहतर मानी जाती है। सुकरात के शिष्य प्लेटो और प्लेटो के शिष्य अरस्तू ने लोकतंत्र की अवधारणा को जन्म दिया ऐसा यूरोप की मान्यता है। लेकिन भारत में लोकतंत्र की अवधारणा गणराज्य के रूप में उससे पूर्व से है।

लोकतंत्र का अर्थ ही है, जनता का, जनता के लिए,जनता के द्वारा शासन । लेकिन शायद प्रश्न पूछना आज भी कुछ लोगों को उतना ही बुरा लगता है जितना सुकरात के समय में लगा था। ये अलग बात है कि अब प्रश्न पूछने के जुर्म में विषपान कराकर मृत्यु दंड देने का प्राविधान समाप्त हो गया है।

अब लोकतंत्र अरस्तु की अवधारणा से बहुत आगे बढ़ गया है। अब तो सूचना के अधिकार जैसे कानून अस्तित्व में आ गए हैं जिसमें आम लोगों को भी प्रश्न पूछने का अधिकार मिल गया है, जो अधिकार पहले विधान सभा और लोकसभा में उनके सदस्यों को प्राप्त था। ये अलग बात है कि कई सूचना पाने वाले को अक्सर न्यायालयों तक जाना पड़ता है। लोकपाल और लोकायुक्त जैसे कानून भी अस्तित्व में हैं जो व्यवस्था पर अंकुश का काम करते हैं।

प्रश्न पूछना आम आदमी का अधिकार है। अपने प्रश्नों का उत्तर पाना लोकतंत्र को जीवंतता प्रदान करता है। जो अधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रश्नों से असहज होते हैं, वे लोकतंत्र की आत्मा के हत्यारे हैं। वे भूल जाते हैं कि वे जिस स्थान पर आज वे हैं, यह लोकतंत्र के कारण ही संभव हुआ है। एक तरह से वे कालिदास की भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। जिस डाल पर वे बैठे हैं,वह उसी डाल को काट रहे हैं। प्रश्न पूछने का अधिकार और उत्तर पाने का अधिकार किसी अधिकारी की दया और अनुकम्पा का परिणाम नहीं है। ये लंबे स्वतंत्रता आंदोलन का परिणाम है।

लोगों ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूमा है। सीने पर गोली खाई है। कई बार गोली की जज्बे में भी लग जाती है लेकिन जिन्होंने अंडमान निकोबार की जेलों में 11 वर्ष तेल के कोल्हू में बैल के स्थान पर जुड़कर अपनी जवानी को पसीना बनाकर बहा दिया, उनके बलिदानों के कारण ये प्रश्न पूछने का अधिकार मिला है। इस अधिकार को कोई अस्थायी व्यक्ति बंदी नहीं बना सकता है।

### सुकरात का प्रश्न-आधारित दर्शन

सुकरात प्रश्नों के माध्यम से सत्य की खोज कराते थे, लेकिन उस समय प्रश्न पूछना अपराध माना गया और उन्हें मृत्यु दंड दिया गया।

### आज भी प्रश्नों से असहजता

लोकतंत्र होने के बावजूद आज भी प्रश्न पूछने पर लोग असहज हो जाते हैं और कई बार प्रश्नकर्ता को नुकसान पहुँचाने की कोशिश की जाती है।

### लोकतंत्र और प्रश्न पूछने का अधिकार

लोकतंत्र का मूल अर्थ जनता की भागीदारी है, जिसमें प्रश्न पूछना और जवाब पाना एक बुनियादी अधिकार है।




### कानूनी अधिकार और व्यवस्थाएं

सूचना का अधिकार, लोकपाल और लोकायुक्त जैसे कानून नागरिकों को सवाल पूछने और जवाबदेही तय करने की शक्ति देते हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम का योगदान

यह अधिकार स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का परिणाम है, इसलिए इसे किसी अधिकारी या व्यक्ति की कृपा नहीं माना जा सकता।

# भगवा सियासी खेमे से आई है ये चर्चा बाहर, गढ़ की विनिंग सीट पर नहीं होगा सहयोगी को देने पर कोई विचार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हाथ भी मिलाये जाते हैं लेकिन इस बात को भी हर पैरामीटर पर चैक किया जाता है कि कहां हाथ मिलाने हैं और कहां युद्ध अकेले लड़ना है। समीकरण का संतुलन ही किसी भी सियासी समझौते का आधार होता है। लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि जिन सीटों पर कोई भी राजनीतिक दल बेहद मजबूत स्थिति में होता है वहां सहयोगी दल के नाम पर विचार नहीं होता है। पहले भी राजनीतिक समझौते हुए हैं और सीट भी दी गई है मगर स्थिति का आंकलन जरूर होता है। उदाहरण के लिए भाजपा बिहार में जदयू के लिए सीट छोड़ सकती है लेकिन उत्तर प्रदेश में इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अब जब केसी त्यागी जैसी सख्शियत का रालोद में उदय हुआ है तो वेस्ट यूपी की सियासत गरमा रही है। आंकलन इस बात को लेकर है कि जयंत चौधरी केसी त्यागी को संगठन में स्थान देंगे या उनके लिए रालोद कोटे से सरकारी हिस्सेदारी मांगेंगे। भगवा सियासत के दरबारों में इस बात को लेकर चर्चा है और ये बात अंदर से बाहर आई है कि गाजियाबाद जैसे भगवागढ़ में भाजपा पार्षद जैसी सीट भी सहयोगी दल को देने पर विचार नहीं करेगी। यहां वो पूरे विपक्ष को हाफ कर देने की स्थिति में है। वो दौर था जब यहां स्वर्गीय सुरेन्द्र गोयल, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी जैसे नेता थे और चुनावी रण होता था। लेकिन अब भाजपा निगम के दुर्ग पर काबिज है। राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद में उसका परचम लहरा रहा है। उसने टिकट बदल कर देख लिये तो भी जीती है। उसने चेहरे बदल कर देख लिये, तो भी विजय प्राप्त हुई है। लोकसभा जैसी सीट पर सिटिंग को हटाने के बाद भी भाजपा तीन लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव जीती है। विधान परिषद में वो नए खिलाड़ियों को लेकर आई और इन खिलाड़ियों ने धुरंधरों को पटक दिया। विधानसभा में टिकट रिपीट किये और एक भी सीट पर बीट नहीं हुई। धौलाना जैसी सीट से भाजपा जीती। मोदीनगर से लगातार दूसरी बार चुनाव जीती है और साहिबाबाद तो उसका अजेय दुर्ग है। लोनी जैसी सीट से नन्द किशोर गुर्जर लगातार दूसरी बार विधानसभा का चुनाव जीते हैं। अब चर्चा इस बात को लेकर है कि जब यहां फुल मैज्योरिटी जनादेश भाजपा के नाम पर ही मिल रहा है तो फिर यहां सहयोगी दल को उपकृत करने की क्या जरूरत है। भाजपा ने यहां पहले ही पड़ोस वाले जिले में रालोद के लिए सीट छोड़ी है।

ऐसे में वो उस भगवागढ़ में किसी अन्य दल को कंसीडर नहीं करेगा जहां मोहल्ले के वार्ड से लेकर लोकसभा तक उसके जीते हुए लीडर हैं। केसी त्यागी एक बड़ी राजनीतिक हस्ती हैं। वो रालोद में आये हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि भाजपा उन्हें चुनावी रण में कम से कम यहां नहीं उतारेगी। उम्र का भी तकाजा है और अब सियासत की गंगा में पानी भी बहुत बह चुका है। ऐसे में राज्यसभा एक विकल्प हो सकता है। लेकिन सीटों पर समझौते का सीन फिलहाल बनता नहीं नजर आ रहा है।

# गैस संकट के बीच परोसा जा रहा है देसी स्वाद कलेक्ट्रेट में चूल्हे की रोटियों ने जीता दिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कलेक्ट्रेट परिसर इन दिनों एक अलग ही कारण से चर्चा में है। जहां एक ओर गैस संकट ने कैंटीन की व्यवस्था को प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर इसने लोगों को पारंपरिक देसी स्वाद और पुराने दौर की यादों से भी जोड़ दिया है। इसी बीच जिला मुख्यालय विकास भवन के सामने स्थित कैंटीन में गैस की कमी के चलते अब मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां तैयार की जा रही हैं, जो परिसर में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। कलेक्ट्रेट में रोजाना आने वाले पुलिसकर्मी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और आम जनपदवासी चूल्हे की आंच पर बनी रोटियों का स्वाद लेने के लिए खासा उत्साह दिखा रहे हैं। कई लोग इसे देसी स्वाद का असली अनुभव बताते हुए पसंद कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इस बहाने अपने पुराने दिनों की यादों में खो जाते हैं। मिट्टी के चूल्हे से उठती सोंधी खुशबू और ताजा बनी गर्म रोटियां लोगों को गांव की सादगी और परंपराओं की याद दिला रही हैं। आधुनिक जीवनशैली में जहां गैस चूल्हा आम हो चुका है, वहीं यह दृश्य पारंपरिक तरीकों की अहमियत को भी उजागर कर रहा है। हालांकि यह गैस संकट अस्थायी माना जा रहा है, लेकिन इसने कलेक्ट्रेट परिसर के माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। फिलहाल यह अनोखा देसी अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और कैंटीन में चूल्हे पर बनी रोटियों का स्वाद लेने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## संपादकीय

# तेल संकट पर कूटनीति

भारत के सामने जो हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें सरकार को हर स्तर पर कूटनीतिक पहल करके कच्चे तेल और रसोई गैस की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

पश्चिम एशिया में ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद दिनोंदिन हालात जटिल होते जा रहे हैं। साफ है कि युद्ध का प्रत्यक्ष असर भले ही हमले की जद में आए देशों में पड़ रहा हो, लेकिन इसकी वजह से अब दूसरे वैसे देश भी प्रभावित होने लगे हैं, जो अपनी कई जरूरतों के लिए मध्यपूर्व के देशों पर कम या ज्यादा निर्भर हैं।

उदाहरण के तौर पर ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से उस रास्ते से तेल और गैस लेकर जाने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों का भी रास्ता बंद है। कुछ खास स्थितियों में आंशिक इजाजत दी जा रही है, लेकिन उसके सहारे आने वाले दिनों के व्यापक संकट को लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता है।

तेल और गैस की आपूर्ति में भारी कमी की वजह से उपजे मुश्किल से निपटने के लिए भारत ने रूस सहित अन्य विकल्पों की ओर रुख किया है, मगर इससे स्थितियों को सामान्य बनाने में सीमित मदद ही मिलेगी। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच भारत में भी शुक्रवार को उच्च श्रेणी के पेट्रोल में करीब दो रुपए और औद्योगिक उपयोगकताओं को बेचे जाने वाले डीजल में बाईस रुपए की बढ़ोतरी की गई। रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को पहले ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आम उपयोग के पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होती है, तो यह कोई हैरानी की बात नहीं होगी। इसके बाद इसका असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और बाजार में खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ सकती है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। जब से ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की शुरूआत हुई है, उसके बाद भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में वहां से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। एक ओर प्रभावित देशों की ओर से यह उम्मीद की जा रही है कि किसी भी हाल में वार्ता के जरिए समस्या का हल निकाला जाए और युद्ध रुके, ताकि प्रभावित देशों में स्थिति और ज्यादा न बिगड़े। दूसरी ओर, हालत यह है कि अब युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से बड़े पैमाने पर तेल ठिकानों को भी निशाना बनाया जाने लगा है और व्यापक तबाही सामने आ रही है। जाहिर है, इससे सीधे तौर पर मध्यपूर्व के देशों से अन्य देशों के लिए तेल और गैस की आपूर्ति ठप पड़ेगी तथा इससे संकट का दायरा और विस्तृत होगा। भारत के सामने जो हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें सरकार को हर स्तर पर कूटनीतिक पहल करके कच्चे तेल और रसोई गैस की आपूर्ति का रास्ता तैयार करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है। अगर इस मोर्चे पर टालमटोल का रुख अख्तियार किया गया, तो आने वाले दिनों में संकट का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट सेंसेक्स 1800 अंक से ज्यादा टूटा



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1836.57 अंक गिरकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 621.00 अंक गिरकर 22,493.50 अंक पर बंद हुआ।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1836.57 अंक या 2.46 प्रतिशत गिरकर 72,696.39 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 621.00 अंक या 2.60 प्रतिशत गिरकर 22,493.50 पर बंद हुआ।

### क्या है विशेषज्ञों की राय?

बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, हालात तेजी से एस्केलेशन की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे निवेशकों में घबराहट साफ दिख रही है। अजय बग्गा ने कहा कि हफ्ते की शुरूआत बेहद अस्थिर माहौल में हुई है और निवेशक जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर डॉलर जैसी सुरक्षित जगहों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी मनी मार्केट फंड्स का एयूएम 8 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है, जो इस सेफ्टी फ्लाइट को दशार्ता है।

### 48 घंटे का अल्टीमेटम बना ट्रिगर

बग्गा के अनुसार, बाजार में घबराहट की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम है। इसमें कहा गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोला जाए, जो फिलहाल युद्ध से पहले की क्षमता के सिर्फ 5% पर चल रहा है, वरना ईरान के पावर ग्रिड को निशाना बनाया जा सकता है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी का भरोसा, ऊर्जा आपूर्ति रहेगी सुरक्षित



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत ने बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अहम चीजें होर्मुज से आती हैं। होर्मुज में फिलहाल जहाजों का आना-जाना मुश्किल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल-डीजल और गैस की सप्लाई प्रभावित न हो। हम सभी जानते हैं कि दे अपनी जरूरत की 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने इसके घरेलू उत्पादन को प्राथमिकता दी है। साथ ही इसके देश में उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार और उद्योग के साझा प्रयास से हम परिस्थितियों का बेहतर तरीके से सामना कर पाएंगे।

इथेनॉल मिक्सिंग की तैयारी से मिल रहा फायदाः पीएम भारत लगातार अलग-अलग सप्लायर्स से भी संपर्क में है। हमारा प्रयास है कि जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। हमारा प्रयास है कि तेल हो गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे सभी जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम सभी वैश्विक सहयोगियों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं, ताकि हमारे मैरिटाइम कॉरीडोर सुरक्षित रहें।

### पेट्रोल-डीजल की सुचारु आपूर्ति बरकरार रखने की कोशिश जारी

पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति लगातार बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। बीते एक दशक में उठाए गए कदम अब और भी प्रासंगिक हो गए हैं। भारत ने बीते 11 साल में अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले भारत में 27 देशों से कच्चे तेल और गैस का आयात किया जाता था। अब भारत 41 देशों से ऊर्जा जरूरतों का आयात किया जाता है। भारत ने कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन का स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन के रिजर्व पर काम किया जा रहा है।

# आरबीआई का बड़ा कदम: बैंकिंग सिस्टम में डाली 79,256 करोड़ की नकदी



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में बैंकिंग प्रणाली में तरलता को प्रबंधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने एक रात की अवधि वाली वेरिएबल रेट रेपो (वीआआर) नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 79,256 करोड़ की अतिरिक्त नकदी डाली है। यह कदम बैंकिंग क्षेत्र में तरलता की कमी को दूर करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। वेरिएबल रेट रेपो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक मौद्रिक नीति उपकरण है। इसके माध्यम से आरबीआई, बैंकों को अल्पकालिक ऋण प्रदान करता है। इस प्रक्रिया में, बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर फ्ङकसे नकदी उधार लेते हैं। इस नीलामी की खासियत यह है कि इसमें ब्याज दर निश्चित नहीं होती, बल्कि यह बाजार की मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है, जिसे 'कट-ऑफ' और 'भारित औसत दर' कहा जाता है।

हालिया वीआरआर नीलामी में, आरबीआई ने 79,256 करोड़ की राशि इंजेक्ट की। यह राशि 1 लाख करोड़ के अधिसूचित राशि से काफी कम थी। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल के दिनों में बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष तरलता में तेज गिरावट देखी गई है।

## दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 5.31 लाख के पार

# सीएम रेखा बोलीं यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से 2.5 गुना ज्यादा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की अर्थव्यवस्था को लेकर जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में बड़ा संकेत मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से विधानसभा में पेश रिपोर्ट के अनुसार, चालू कीमतों पर दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 2025-26 में बढ़कर 5,31,610 रुपये होने का अनुमान है। यह 2024-25 के मुकाबले 7.92 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से करीब 2.5 गुना अधिक रहने की संभावना है, जो राजधानी की मजबूत आर्थिक स्थिति को दशार्ता है। एक लाख करोड़ रुपये का कुल बजट दिल्ली सरकार का कुल बजट एक लाख करोड़ रुपये का है, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर खर्च किए जाएंगे। यह पिछले साल के 39,000 करोड़ रुपये के मुकाबले बड़ा इजाफा है। सेक्टरवार खर्च में परिवहन को सबसे ज्यादा 20 फीसदी हिस्सा मिला है, इसके बाद सामाजिक सुरक्षा व कल्याण (17 फीसदी) और जल आपूर्ति व स्वच्छता (15 फीसदी) शामिल हैं।

इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी विस्तार देखा गया है। राजधानी में बिजली की अधिकतम मांग 8,442 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो एक दशक पहले 5,846 मेगावाट थी। जनवरी 2026 तक नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 509 मेगावाट हो गई है।

उद्योग क्षेत्र में मैन्युफैक्चरिंग प्रमुख योगदानकर्ता बना हुआ है, जिसका ग्रॉस स्टेट वैल्यू एडेड 50,144 करोड़ रुपये आंका गया है। हालांकि, महंगाई का असर भी दिखा है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2024 के 132.5 से बढ़कर 2025 में 139.4 हो गया, यानी 4.9 फीसदी की वृद्धि।

परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा मिला है। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या अप्रैल 2025 के 2,150 से बढ़कर मार्च 2026 में 4,338 हो गई है, जबकि कुल बस बेड़ा 6,100 है। दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन औसतन 67 लाख यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन भारत के पास है। जिसका नाम लाइफ लाइन ट्रेन है।
- एक सामाजिक अध्ययन के अनुसार संसार की महिलाये करीब 18 ट्रिलियन डॉलर कमाती हैं। लेकिन उनके खर्चे करीब 28 ट्रिलियन डॉलर होते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि सऊदी अरब देश में एक भी नदी नहीं है।
- क्या आप जानते हैं की हीरे की खोज सबसे पहले भारत में ही की गयी थी।
- क्या आप जानते हैं कि शैम्पू की खोज सबसे पहले भारत में ही हुई थी।
- प्लास्टिक सर्जरी का अविष्कार भारत में ही हुआ था।
- क्या आप जानते हैं साल 1880 में थाईलैंड की रानी डूब रही थी लेकिन उसे बचाने उसके नौकर भी नहीं आये थे। क्योंकि थाईलैंड की रानी को छूना मना था।
- क्या आप जानते हैं की दुनिया में सबसे पुराना झंडा डेनमार्क देश का हैं जो 13 सदी से लगाया जा रहा है।

# होर्मुज संकट से तेल बाजार में हड़कंप



**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुताबिक, 2026 में ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत अब 85 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है, जो पहले के 77 डॉलर के अनुमान से 10.38% ज्यादा है। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (हळक) का अनुमान भी बढ़ाकर 79 डॉलर प्रति बैरल कर दिया गया है, जो पहले 72 डॉलर था। यह जानकारी बैंक के विश्लेषक डान स्ट्रुवेन ने अपनी रिपोर्ट में दी।

**होर्मुज में भारी बाधा का असर :** रिपोर्ट के अनुसार, यह संशोधित अनुमान इस आधार पर लगाया गया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति छह हफ्तों तक सामान्य क्षमता के केवल 5% पर रह सकती है। इसके बाद अगले एक महीने में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने की उम्मीद है।

**अमेरिका-ईरान तनाव से बढ़ा जोखिम :** तेल बाजार इस समय अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष से प्रभावित है, जो अब चौथे सप्ताह में पहुंच चुका है और इसके खत्म होने के संकेत नहीं हैं। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है कि वह इस अहम समुद्री मार्ग को फिर से खोले, नहीं तो उसके ऊर्जा ढांचे पर हमले हो सकते हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी कड़ी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी है।

# भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 94.01 के नए निचले स्तर पर बंद




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोवमार को 48 पैसे टूटकर 94.01 के नए ऐतिहासिक निचले स्तर (अस्थायी) पर बंद हुआ है।

भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में 48 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट बाजार में चिंता का विषय बन गई है।

रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.01 के अनंतिम स्तर पर बंद हुआ। यह भारतीय मुद्रा के इतिहास में अब तक का सबसे कमजोर स्तर है। दिन के कारोबार के दौरान रुपये ने लगातार दबाव महसूस किया। विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग में वृद्धि देखी गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का भी रुपये पर असर पड़ा। इस गिरावट से आयातकों के लिए लागत बढ़ने की आशंका है। निर्यातकों को हालांकि कुछ फायदा मिल सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका पर भी बाजार की नजर है। पिछले कुछ समय से रुपये में लगातार कमजोरी बनी हुई है। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकती है।

## राशिफल

**मेष:** सोशल मीडिया पर आपकी कुछ हरकतों को देखकर आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। किसी पोस्ट पर आपत्ति कर सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे। नए संबंध बनाने के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आपका प्रेमी कुछ रोमांटिक योजना बना सकता है लेकिन आप उसकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए यादगार साबित हो सकता है। आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत समय बिता पाएंगे।

**सिंह:** प्रेमी के लिए अच्छा दिन कहा जा सकता है। रिश्तों में पहले से ज्यादा गहराई और जुनून देखा जा सकता है। आप प्रेम-संबंध में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए कठिन रहने के आसार हैं। पार्टनर से किसी न किसी बात पर झगड़ा होगा। जिससे आपके बीच अनबन हो सकती है।

**तुला:** पुराने संबंधों की याद आज ताजा हो सकती है जिससे मन में उदासी रहेगी. आप जितना भूलने की कोशिश करेंगे, आप उतने ही परेशान होंगे।

**वृश्चिक:** नए प्रेम संबंध में धोखा मिलने के योग हैं। शादीशुदा जातकों के प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। किसी कारणवश गंभीर झगड़ा हो सकता है।

**धनु:** यदि आप दोनों के बीच कुछ समय से कुछ अनबन चल रही है तो आप दोनों इस बारे में बात कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपके लिए विवाह प्रस्ताव आ सकते हैं। अगर आप किसी को चाहते हैं तो उसके बारे में अपने परिवार वालों से बात करना न भूलें।

**कुंभ:** किसी मित्र के कारण प्रेम संबंधों में दरार आ सकती है या गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपनी तरफ से ऐसा कुछ होने से रोकें।

**मीन:** आज का आज किसी जरूरी काम में आपको अपने लव पार्टनर का सहयोग मिलेगा। जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मेरी ये नई साड़ी कैसी लग रही है?
पति : साड़ी तो बहुत बढ़िया है
पत्नी : और मैं?
पति : साड़ी में तो और भी बढ़िया लग रही हो!

-------------------------

टीचर : बताओ, अगर तुम्हारे पास 10 आम हैं और 2 गिर जाएं तो कितने बचेंगे?
स्टूडेंट : 10 ही रहेंगे
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : जो गिर गए, वो उठाकर खा लूंगा!

-------------------------

दोस्त : भाई, तू इतना चुप क्यों रहता है?
दूसरा : क्योंकि बोलने से झगड़ा हो जाता है
दोस्त : और चुप रहने से?
दूसरा : शादी हो जाती है!

-------------------------

पप्पू : मम्मी, मुझे भूख लगी है
मम्मी : फ्रिज में खाना रखा है, निकाल कर खा लो
पप्पू : लेकिन मुझे तो खाना ही नहीं मिल रहा
मम्मी : क्यों?
पप्पू : क्योंकि फ्रिज लॉक है, पासवर्ड बताओ!

## 24 03 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# खाड़ी देशों में संघर्ष का असर, एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप स्थगित; इस्लामाबाद में होना था आयोजन



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। एक अधिकारी ने बताया, एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूनार्मेंट करा पाना संभव नहीं है।

पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। एक अधिकारी ने बताया, एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूनार्मेंट करा पाना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हालात सुधरने पर पाकिस्तानी स्क्वाश महासंघ सितंबर में इसे करा सकता है। यह पूछने पर कि क्या भारतीय स्क्वाश महासंघ ने टीम भेजने पर मंजूरी दी थी, अधिकारी ने कहा कि टीमों की भागीदारी की पुष्टि एशियाई महासंघ देख रहा है।

# कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में नहीं खेलेंगी कोनेरू हंपी, सुरक्षा को लेकर जताई थी चिंता

## फिडे के सीईओ ने सुरक्षा चिंताओं को किया था खारिज

**– पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की थी। अब उन्होंने इस टूनार्मेंट से नाम वापस लेने का फैसला लिया है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेंगी। उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की थी। अब उन्होंने इस टूनार्मेंट से नाम वापस लेने का फैसला लिया है। हंपी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। उन्होंने लिखा, 'बहुत सोचने के बाद मैंने फिडे महिला कैंडिडेट्स टूनार्मेंट से हटने का मुश्किल फैसला लिया है।' हंपी की जगह यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को शामिल किया गया है।

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने इन चिंताओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि दूर-दूर तक भी ऐसा कुछ भी खतरनाक नहीं है जिसके लिए स्थल बदलने की जरूरत पड़े। सुतोवस्की ने कहा, 'हमारी योजनाएं नहीं बदली हैं। हम कैंडिडेट्स टूनार्मेंट की तैयारियों के अंतिम चरण में हैं। बेशक, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं। साइप्रस युद्ध क्षेत्र या संघर्ष क्षेत्र से बहुत दूर नहीं है लेकिन साथ ही यह किसी भी तरह से सीधे तौर पर शामिल नहीं है और युद्ध की स्थिति में नहीं है।' साइप्रस भूमध्य सागर का तीसरा सबसे बड़ा द्वीप है और तुर्किये के दक्षिण में स्थित है। यह यूरोपीय संघ का सदस्य है।



### 28 मार्च से साइप्रस में शुरू होगा टूनार्मेंट

विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूनार्मेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के डी गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है।

### हंपी ने जताई थी सुरक्षा को लेकर चिंता

पश्चिम एशिया तनाव के कारण हंपी सुरक्षा को लेकर चिंतित थीं। उन्होंने बुधवार (18 मार्च) को 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने अपना समर्थन दिया है। जो लोग इस स्थिति की संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते मैं उनके लिए बात यहीं छोड़ देती हूं।'

# अरुंधति रेड्डी बनीं फरवरी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। यह उनके करियर में पहली बार है जब उन्हें यह सम्मान मिला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

इस सम्मान पर खुशी जताते हुए रेड्डी ने कहा कि यह उनके लिए बेहद गर्व का पल है, खासकर इसलिए क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीत में टीम के लिए योगदान दे सकीं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं होता, इसलिए यह उपलब्धि और भी खास है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में रेड्डी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा आठ विकेट लिए। इस दौरान उनका औसत 10.87 और इकॉनमी रेट 7.25 रहा। उनके बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की, जो 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी20 सीरीज जीत है। सिडनी में खेले गए पहले मैच में उन्होंने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4/22 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। इसके बाद कैनबरा में 2/30 और एडिलेड में निर्णायक मैच में 2/35 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आगे भारत की नजरें इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 पर होंगी, जो 12 जून से शुरू होगा।

# दिल्ली को सीए से मिचेल स्टार्क के एनओसी का इंतजार, कप्तान अक्षर ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर रखी राय



**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क के आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने पर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। दरअसल, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया है। हालांकि, फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वह एक अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

टीम के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने कहा कि वे लगातार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि स्टार्क हाल ही में गेंदबाजी कर रहे थे, लेकिन जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें पूरी तरह फिट घोषित नहीं करता, तब तक फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती। क्रिकेट डायरेक्टर वेणुगोपाल राव ने भी साफ किया कि स्टार्क के आने में सिर्फ एनओसी की देरी है। अगर स्टार्क समय पर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो अक्षर पटेल ने कहा कि टीम संयोजन के हिसाब से फैसला लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि टी नटराजन पूरी तरह फिट हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

अक्षर पटेल ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले आईपीएल सीजन में उनकी कम गेंदबाजी का कारण इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं, बल्कि उंगली की चोट थी। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उनकी उंगली कट गई थी, जिससे उन्हें गेंदबाजी में परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि शुरूआत के सात मैचों तक वह पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं कर सके, लेकिन चोट ठीक होने के बाद उन्होंने फिर से गेंदबाजी शुरू की। अक्षर ने कहा कि वह टीम की जरूरत के अनुसार किसी भी भूमिका में खेलने के लिए तैयार रहते हैं, चाहे वह फिनिशर हों या मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज। इसी कारण उन्हें क्राइसिस मैन भी कहा जाता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कोच हेमांग बदानी की अलग राय

वहीं, मुख्य कोच हेमांग बदानी का मानना है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के कारण टी20 क्रिकेट में आक्रामकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अब 180 रन का स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता और टीमें ज्यादा बड़े स्कोर बना रही हैं। यह बदलाव क्रिकेट के आधुनिक रुझान को दशार्ता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर अक्षर पटेल की नाराजीगी

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने आईपीएल के इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी नापसंदगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह नियम ऑलराउंडर्स की भूमिका को सीमित करता है। अक्षर ने कहा, 'मैं एक ऑलराउंडर हूं, इसलिए मुझे यह नियम पसंद नहीं है। पहले टीम में ऐसे खिलाड़ी चुने जाते थे जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कर सकें, लेकिन अब टीम अलग-अलग विशेषज्ञ खिलाड़ियों को प्राथमिकता देती है।' हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि नियमों का पालन करना जरूरी है।

# मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर, विश्व नंबर-एक अल्काराज को कोर्डा ने हराया, तीसरे राउंड से बाहर

**मियामी।** मियामी ओपन में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को अमेरिका के सेबास्टियन कोर्डा ने तीसरे राउंड में हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। कोर्डा ने यह मुकाबला 6-3, 5-7, 6-4 से जीतते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। करीब 2 घंटे 14 मिनट तक चले इस मैच में उन्होंने शानदार संयम और आक्रामक खेल दिखाया।



### मैच का रोमांचक उतार-चढ़ाव

कोर्डा ने पहले सेट में पूरी तरह दबदबा बनाया और अल्काराज को लगातार दबाव में रखा। उन्होंने मैच में 12 ऐस लगाए, जिससे उनकी सर्विस बेहद प्रभावी रही। दूसरे सेट में कोर्डा 5-3 से आगे थे और जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन इसी दौरान उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। इसका फायदा उठाते हुए अल्काराज ने वापसी की और सेट जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक खींच लिया। हालांकि, तीसरे सेट में कोर्डा ने शानदार वापसी की। उन्होंने 4-3 पर अल्काराज की सर्विस तोड़ी और फिर अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

कोर्डा का बयान

जीत के बाद सेबास्टियन कोर्डा ने कहा, 'यह जीत शानदार महसूस हो रही है। मैंने थोड़ा लंबा रास्ता तय किया, लेकिन अंत में जिस तरह खेला, उससे मैं खुश हूं। कुछ मुश्किल हालात आए, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा और अंत तक लड़ता रहा।'

### अल्काराज से हुई बड़ी चूक

दूसरी ओर अल्काराज इस मैच में अहम मौकों पर अस्थिर नजर आए। खासकर उनके फोरहैंड शॉट्स में लगातार गलतियां देखने को मिलीं, जो अंत में हार का कारण बनीं। अल्काराज शानदार फॉर्म में इस टूनार्मेंट में उतरे थे। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर अपना सातवां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया था।

### लगातार दूसरा झटका

मियामी ओपन में यह अल्काराज का लगातार दूसरा निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल भी वह दूसरे राउंड में बाहर हो गए थे। अब इस हार के बाद अल्काराज अपनी नजरें क्ले कोर्ट सीजन पर टिकाएंगे, जिसकी शुरूआत अगले महीने मोंटे कार्लो मास्टर्स से होगी।

इस बड़ी जीत के बाद कोर्डा का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। अब वह अगले दौर में कारेन खाचानोव या मार्टिन लैंडालुसे में से किसी एक का सामना करेंगे।

# आईपीएल में दिल्ली के लिए किस स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे केएल राहुल? कोच हेमांग बदानी ने दिया जवाब



**- बार-बार बदलाव के कारण टीम में अस्थिरता आ गई और शीर्ष क्रम में 13 बार तक बदलाव किए गए।**

**नई दिल्ली।** भारत और दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल 2026 में ओपनिंग करने उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस बल्लेबाज से ही पारी का आगाज कराएगी। इसकी पुष्टि फ्रेंचाइजी ने टूनार्मेंट शुरू होने से पहले कर दी है। आईपीएल 2026 सीजन की शुरूआत 28 मार्च से हो रही है और लीग के शुरू होने से पहले दिल्ली के मुख्य कोच हेमांग बदानी और क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव ने कहा कि दिल्ली की टीम इस सीजन शीर्ष क्रम की परेशानी दूर करना चाहेगी।

### पिछले सीजन दिल्ली ने किए कई प्रयोग

पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल में सात सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी के संयोजनों का इस्तेमाल किया। उन्होंने फाफ डुप्लेसिस और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ शुरूआत की, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खराब फॉर्म ने उन्हें नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया। बार-बार बदलाव के कारण टीम में अस्थिरता आ गई और शीर्ष क्रम में 13 बार तक बदलाव किए गए। इस अस्थिरता का असर उनकी शुरूआती बल्लेबाजी पर पड़ा, जिससे अक्सर मध्य क्रम के बल्लेबाजों को काफी मेहनत करनी पड़ती थी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपने पहले मैच से पहले बदानी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में टी20 क्रिकेट में सलामी जोड़ी की साझेदारी निर्णायक साबित हुई है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने बताया कि इस सीजन में भी टीम केएल राहुल को ही शीर्ष क्रम में खिलाएगी।

### केएल राहुल का प्रदर्शन

आईपीएल 2024 सीजन के समापन के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स ने केएल राहुल को रिलीज कर दिया था। फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड फीस देकर ऋषभ पंत को टीम में शामिल किया, जबकि दिल्ली ने अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने के लिए राहुल को खरीदा। राहुल ने मध्य क्रम में बल्लेबाजी शुरू की, लेकिन पिछले सीजन में धीरे-धीरे उन्हें शीर्ष तीन में जगह मिल गई। पिछले डेढ़ साल में राहुल ने अपनी पावर हिटिंग को निखारने पर काम किया है। आईपीएल 2025 में उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए जो आईपीएल 2022 के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, जब उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए थे। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट कम था। राहुल की बेहतर पावर गेम से दिल्ली को शीर्ष क्रम में अधिक मजबूत उपस्थिति मिलने की उम्मीद है। हालांकि, टीम को अभी भी उनके सलामी जोड़ीदार को अंतिम रूप देना होगा, जिसमें पथुम निसांका, अभिषेक पोरेल और पृथ्वी शॉ जैसे विकल्प मौजूद हैं।

# 'वो पेशेवर नहीं है', वैभव सूर्यवंशी को लेकर ये क्या बोल गए जितेश शर्मा? चौंकाने वाली वजह भी बताई



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। इससे पहले क्रिकेट के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को लेकर जितेश शर्मा ने खुलकर बात की है। एबी डिविलियर्स के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी मैदान पर तो प्रोफेशनल है, लेकिन मैदान के बाहर अब भी एक आम किशोर की तरह व्यवहार करता है।

जितेश शर्मा ने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में जितेश ने कहा, 'वो प्रोफेशनल नहीं है, ये मैं बता सकता हूं। सब लोग उसे प्रोफेशनल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो पूरी तरह प्रोफेशनल बनेगा।' हालांकि, उन्होंने तुरंत साफ किया कि यह बात सिर्फ मैदान के बाहर के व्यवहार को लेकर है। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैदान पर वो पूरी तरह प्रोफेशनल है, लेकिन बाहर नहीं। मैं उसे रात में आइसक्रीम खाने से रोकने की कोशिश करता हूं।'

### साथ खेल चुके हैं दोनों

जितेश और वैभव पहले भी साथ खेल चुके हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में भारत ए के लिए राइजिंग स्टार्स कप में एक साथ ड्रेसिंग रूम शेयर किया था। वहीं से जितेश को इस युवा खिलाड़ी की पर्सनैलिटी को करीब से समझने का मौका मिला। आगामी आईपीएल सत्र में दोनों खिलाड़ी अलग-अलग टीमों से खेलते नजर आएंगे। वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते देखा जाएगा। वहीं, जितेश शर्मा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलेंगे।

### वैभव पर बड़ी जिम्मेदारी

वैभव सूर्यवंशी के लिए यह सीजन बेहद अहम रहने वाला है। पिछले आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद अब उनसे लगातार अच्छा करने की उम्मीद है। हाल ही में उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां फाइनल में 175 रन की धमाकेदार पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई। इसके अलावा संजू सैमसन के टीम से अलग होने के बाद राजस्थान रॉयल्स में वैभव की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब उनसे सिर्फ रन बनाने ही नहीं, बल्कि टीम को संभालने की भी उम्मीद होगी।

# किस कारण न्यूजीलैंड क्रिकेट में मचा घमासान?



**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने घरेलू टी20 ढांचे को नया रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है और 21 साल पुराने सुपर स्मैश के प्रतिस्थापन के रूप में प्रस्तावित एनजेड20 फ्रेंचाइजी लीग का समर्थन किया है। इस फैसले के बाद सवाल उठ रहे है कि ये न्यूजीलैंड क्रिकेट में किसी विवाद को पैदा कर रहा है, क्योंकि न्यूजीलैंड क्रिकेट के निदेशक ने अचानक ही इस्तीफा दे दिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने एनजेड20 लीग को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है जो छह टीमों वाली एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता है। ये लीग जनवरी 2027 तक शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, शासी निकाय ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय प्रमुख वाणिज्यिक, शासन और संरचनात्मक समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने पर निर्भर है। बोर्ड की अध्यक्ष डायना पुकेतापु लिंडन ने इस बात पर जोर दिया कि प्रस्ताव को और विकसित करने की आवश्यकता होगी, विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कि महिला घरेलू टी20 प्रतियोगिता को नई संरचना में पूरी तरह से एकीकृत किया जाए। उन्होंने कहा, हम एनजेड20 के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इसमें महिला घरेलू टी20 प्रतियोगिता को शामिल किया जाए और उसका समर्थन किया जाए। यह न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला क्रिकेट के प्रति रणनीतिक प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रमुखता और दृश्यता का स्तर बनाए रखे।

हालांकि, इस घोषणा के तुरंत बाद एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया जिसमें न्यूजीलैंड के क्रिकेट निदेशक डियोन नैश ने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नैश ने कहा कि वह अब संगठन की भावी दिशा और उसमें अपनी भूमिका के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते। उन्होंने कहा, 'अंततः मैं उस मुकाम पर पहुंच गया जहां मुझे लगा कि अब पद छोड़ने का सही समय आ गया है।' न्यूजीलैंड काउंसिल द्वारा एनजेड20 प्रस्ताव को मंजूरी देने के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफा दिया गया जिससे अटकलें लगना शुरू हो गई। हालांकि नैश ने अपने फैसले को इस कदम से सीधे तौर पर नहीं जोड़ा। अपने बयान में उन्होंने केवल इतना कहा कि वे अब संगठन की भविष्य की दिशा के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और अपने इस्तीफे के कारणों के बारे में उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

# दासुन शनाका ने दिखाई पीएसएल को आंख, आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलेंगे

**मुंबई।** आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होनी है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल ऑलराउंडर सैम करन की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। बता दें कि, शनाका इससे पहले पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने जा रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने आईपीएल में खेलने का फैसला लिया है। शनाका हाल ही में बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने ओमान के खिलाफ 20 गेंदों में तेज अर्धशतक लगाया, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 31 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। वे एक उपयोगी लोअर-ऑर्डर बल्लेबाज और मीडियम पेस गेंदबाज हैं, जिससे टीम को संतुलन मिलेगा। शनाका इससे पहले आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके हैं। हालांकि, उस सीजन में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा था।

# पिछले सीजन कमाल करने वाले पांच खिलाड़ी, क्या इस बार भी चलेगा बल्ला?



**नई दिल्ली।** आईपीएल का मंच हर साल नए सितारों को जन्म देता है, जहां दबाव, उम्मीदें और बड़े मौके एक साथ मिलते हैं। पिछले सीजन में कुछ युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ सुर्खियां बटोरीं, बल्कि अपनी टीमों की किस्मत भी बदल दी। अब आईपीएल में वही खिलाड़ी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। सवाल यही है कि क्या वे पिछले साल जैसा जादू दोहरा पाएंगे या दबाव के आगे फीके पड़ जाएंगे? इस बार सिर्फ उनके बल्ले ही नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और निरंतरता की भी असली परीक्षा होगी। ये पांच खिलाड़ी चार टीमों से हैं और चारों को इनसे काफी उम्मीदें हैं। ये टीमें हैं- सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स।

**वैभव सूर्यवंशी:** 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कमाल का रहा था। वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाया था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे। वैभव इस लीग में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने थे। पिछले एक साल में वैभव की बल्लेबाजी में और भी ज्यादा निखार आया है। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन पर हर किसी की नजर रहेगी।

**प्रियांश आर्या:** प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी का आगाज करने वाले प्रियांश आर्या भी आईपीएल 2025 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से छाप छोड़ने में सफल रहे थे। प्रियांश ने 17 मुकाबलों में 179 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 475 रन बनाए थे। प्रियांश ने एक शतक और दो अर्धशतक लगाए थे। यही वजह है कि इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में भी उनसे दमदार प्रदर्शन की आस होगी।

**प्रभसिमरन सिंह:** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की जर्सी में प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन दमदार रहा था। उन्होंने 17 मुकाबलों में 160 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 549 रन बनाए थे और पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब टीम को प्रभसिमरन से आईपीएल 2026 में भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**आयुष म्हात्रे:** चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए पिछले सीजन आयुष म्हात्रे ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी का ध्यान खींचा था। आयुष ने आईपीएल 2025 में खेले 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए थे। 17 वर्षीय बल्लेबाज से आईपीएल 2026 में चेन्नई को काफी उम्मीदें होंगी। आयुष संजू सैमसन के साथ पारी का आगाज करते हुए नजर आ सकते हैं।

**अनिकेत वर्मा:** सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए अनिकेत वर्मा ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। खासतौर पर अनिकेत अंतिम ओवरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करते नजर आए थे। उन्होंने पिछले सीजन खेले 14 मुकाबलों में 166 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 236 रन बनाए थे। बतौर फिनिशर अनिकेत के प्रदर्शन पर इस सीजन भी हर किसी की निगाहें रहेंगी।




## पश्चिम एशिया युद्ध का असर, नोएडा के आभूषण कारोबार पर पड़ा संकट



**नोएडा (करंट क्राइम।** पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से जनपद गौतमबुद्ध नगर के आभूषण सेक्टर में भारी गिरावट आने लगी है, इससे कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। नोएडा से काफी तादाद में सोने-चांदी के आभूषणों के साथ ही आर्टिफिशियल आभूषणों का कारोबार होता है। नोएडा में सोना-चांदी और आर्टिफिशियल आभूषणों की सौ से अधिक इकाईयां हैं। इसमें दस हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार भी मिला हुआ है। इसके अलावा सालाना दो हजार करोड़ का कारोबार होता है। इसमें सबसे ज्यादा कारोबार खाड़ी देशों के साथ हो रहा था। अब खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध की वजह से नोएडा शहर के कारोबारियों का कारोबार भी प्रभावित होने लगा है। नोएडा में आभूषण कारोबारी विपिन अग्रवाल ने बताया कि अब खाड़ी देशों से नए ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन के अनुसार, पुराने ऑर्डर पर भी रोक लगा दी गई है। इस समय बहुत सीमित मात्रा में ही कारोबार हो रहा है। इससे काफी नुकसान भी हो रहा है।

### शुभारंभ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत नंदग्राम मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर चार सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान भाजपा नेता संदीप त्यागी ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। हाल के दिनों में पद न मिलने को लेकर उनके मतभेद चर्चा में रहे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने प्रशिक्षण अभियान में पूरी निष्ठा के साथ उपस्थित रहकर यह संदेश दिया कि मतभेद अपनी जगह हैं, जबकि पार्टी और संगठन सर्वोपरि हैं।

## साहिबाबाद साइट-4 में प्रदूषण बोर्ड ने बिना नोटिस बिजली काटने से थमा उद्योगों का पहिया : मुकेश गुप्ता





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना और पर्याप्त निरीक्षण के कई औद्योगिक इकाइयों की बिजली काटने का मामला गरमा गया है। इस औचक कार्रवाई से उद्यमियों में रोष व्याप्त है। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने इस कदम को उद्योगों के प्रति तानाशाही रवैया करार दिया है।

**एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता ने कहा** कि क्षेत्र की कई इकाइयों ने समय की मांग को देखते हुए अपने कार्य स्वरूप में बदलाव किया है और अब वे पूरी तरह 'नॉन-पॉल्यूटिंग' संचालित कर रही हैं। ऐसे में बिना भौतिक सत्यापन और बिना नोटिस के सामूहिक रूप से बिजली काटना न्यायसंगत नहीं है। इस कार्रवाई की चपेट में वे इकाइयाँ भी आ गई हैं जो नियमों का पालन करते हुए ईमानदारी से कार्य कर रही हैं।



**उद्यमी प्रवीन जैन ने बताया कि** उद्योगों के पास पहले से ही गैस आपूर्ति, कच्चे माल की कमी और श्रमिकों की उपलब्धता जैसी कई चुनौतियाँ हैं। ऐसे में बिना सूचना बिजली काटे जाने से उत्पादन ठप हो गया है। बिजली बंद होने का सीधा असर न केवल उत्पादन पर पड़ रहा है, बल्कि इससे श्रमिकों के रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस पूरे प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए। नियमों का पालन करने वाली और प्रदूषण मुक्त इकाइयों की बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए। भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पहले उचित सूचना और भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।






## कौन थ्री-स्टार चल रहा है सब पर भारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं लेकिन इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई मामले देश और प्रदेश में जमकर छाए हुए हैं। इन मामलों को हैंडल कर रहे एक खास थ्री-स्टार की आजकल टीआरपी हाई बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से नदिया पार वाला खुलासा हुआ है और उस पूरे मामले में थ्री-स्टार की मेहनत का रंग अब जमकर निकल रहा आ है। सुनने में आ रहा है कि लोकेशन, सटीक जानकारी और भीतरी तालमेल की वजह से लगातार नई गिरफ्तारी हो रही हैं। तो पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि थ्री- स्टार की मेहनत की चर्चा उनके वरिष्ठ अधिकारी भी जमकर कर रहे हैं। चाहे वो सर्किल वाले साहब हो या उनके नोडल अधिकारी, नंबर दो की पोजीशन वाले साहब हो या कमिश्नरेट वाले साहब सभी को पता है किस तरीके से थ्री-स्टार में इन पूरे खुलासे को बेहद महत्वपूर्ण ढंग तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि



जिस तरीके से आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी के फेस बदले जाने हैं, तो चर्चा यह भी शुरू हो गई है कि दो जोन को लेकर एक मिनी लिस्ट भी आ सकती है। जिसमें सिफारिश लगवाने वाले एक थ्री-स्टार को अच्छी जगह चांस तो एक टू-स्टार की कहानी सेट की जा सकती है। कुल मिलाकर अभी प्रधानमंत्री वाले कार्यक्रम को लेकर सभी का फोकस है। वहीं लगातार आने वाले दिनों में महाराज जी का दौरा रहेगा। दौरे के साथ-साथ कई तरीके की व्यवस्था और इंतजाम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के हवाले भी रहने वाली है। बताया जा रहा है कि ना सिर्फ बराबर वाले कमिश्नरेट में यहां के कई फेस ऑन डिमांड भेजे जाएंगे, बल्कि बड़ी संख्या में फोर्स और पुलिस बल का भी इस्तेमाल किया जाएगा। वैसे भी कार्यक्रम इंटरनेशनल लेवल का है, तो सुरक्षा और इंटेलिजेंस वाला खाका बढ़ा दिया गया है। साथ ही महाराज जी के आने की वजह से पुलिस की टेंशन और अटेंशन दोनों ज्यादा रहेगी। इसीलिए 28 के बाद ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और प्रदेश वाले सीन में तबादला लिस्ट आने का काम फाइनल हो पाएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि थ्री-स्टार की टीआरपी अभी और कितनी हाई बनी रहेगी।

## 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पर विकास प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन प्रांगण में दो चरणों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विधायक ने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र के साथ सरकार हर व्यक्ति को सक्षम बनाने हेतु संकल्पबद्ध है। जनपद के 53,932 किसानों को पी.एम. किसान निधि के तहत 204.83 करोड़ रुपए और 11,332 किसानों को 83.24 करोड़ रुपए की ऋण माफी का लाभ मिला।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस गोष्ठी में कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन की योजनाओं पर चर्चा हुई तथा मौके पर ही जन-शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सूचना विभाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और लोकगीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## वार्ड-29 में सीवर लाइन के नाम पर जल निगम की अनदेखी, जनता में भारी रोष



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 29, कुटी-डिफेंस कॉलोनी में देखा जा सकता है यहाँ सीवर लाइन डालने का कार्य पिछले 18 महीनों से कछुआ गति से चल रहा है, जिसने क्षेत्रीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। जल निगम और संबंधित कार्यदायी संस्था की घोर लापरवाही और तानाशाही रवैये के कारण पूरा क्षेत्र उबड़-खाबड़ रास्तों, बरसात के मौसम में जल भराव में तब्दील हो चुका है।

लंबे समय से अधूरे पड़े इस कार्य की वजह से स्कूली बच्चों, महिलाओं और दफ्तर जाने वाले लोगों को रोजाना हादसों का डर सताता है। खुदाई के बाद सड़कों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है, जिससे आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी काम पूरा न होना विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करता है।



**महामंत्री सैन राजकुमार चंदेला ने कहा** कि सीवर डालने वाली कंपनी और जल निगम की मनमानी अब बर्दाश्त से बाहर है। यदि इस गंभीर समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो क्षेत्रीय जनता सड़कों पर उतरकर उग्र विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।



**स्थानीय निवासी सोनू और नीतू सिंह** ने भी प्रशासन से गुहार लगाई है कि कागजी दावों के बजाय जमीन पर काम पूरा किया जाए ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण के दौरान सारी सड़के आदि पड़ी है जिससे सड़क पर गंदा पानी जमा है आने-जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे।



## दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई है। जिन छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है उनके लिए विद्यालय के वंदना कक्षा में ओरिएंटेशन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से स्वतंत्र संवाद किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य विपिन राठी ने सभी अभिभावकों का कार्यक्रम में स्वागत किया तथा उन्हें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की पृष्ठभूमि व शिक्षा यात्रा की जानकारी दी। प्राचार्य विपिन राठी ने अपने उद्बोधन में बताया कि सन 1952 में गोरखपुर में सरस्वती शिशु मंदिर नाम से विद्या भारती के द्वारा पहला विद्यालय खोला गया। तब से जो यात्रा चली वह आज तक जारी है और आज विद्या भारती के देश भर में लगभग 12000 सीबीएसई विद्यालय तथा इतने ही एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं जिनमें लगभग 10 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। और डेढ़ लाख शिक्षक इनको शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। विद्या भारती में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही नवीन और उच्च मापदंड स्थापित किए हैं। साथ ही प्राचार्य जी ने अभिभावकों को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की शिक्षण पद्धति से भी अवगत कराया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य वंदना वर्मा ने सभी को पीपीटी के माध्यम से विद्यालय की समस्त गतिविधियों खेल, संगीत, शिक्षण पद्धति, परीक्षा परिणाम के बारे में बताया। अभिभावकों ने विद्यालय के संबंध में अपने विचार भी रखे। दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर के इस ओरियंटेशन कार्यक्रम में सुदीप्ता जी, डॉक्टर सिम्मी त्यागी, मीनू, हिमानी, मनीष सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।




### हिंदु हृदय सम्राट के हाथ में किसने थमा दिये गिनकर रूपये पांच हजार

एक दल ऐसा है जो अपना पूरा बल दूसरे को डैमेज करने में लगाता है। दूसरा बल ऐसा है कि वो मामले को मैनेज करने में माहिर है। किस्से में हिंदु हृदय सम्राट हैं, किस्से में देर तक खुलने वाली दुकान है और किस्से में पांच हजार से पूरे मामले का समाधान है। हिंदु हृदय सम्राट नेता जी पड़े हुए तीर से लेकर पड़ी हुई शहतीर तक लेने में डॉक्रेट हैं। एक्सटेंशन वाले इलाके में उन्हें एक दुकान को लेकर टेंशन थी। हिंदु हृदय सम्राट ना दरोगा हैं, ना कोतवाल हैं लेकिन भौकाल बनाकर रखते हैं। वो रोजाना राउंड कैप वालों की दुकान पर जा रहे थे और इस बात को लेकर हंगामा कर रहे थे कि देर रात तक दुकान खुलने से क्राइम भी बढ़ रहा है और धर्म पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस बात को लेकर हिंदु हृदय सम्राट रोज वहां मंडरा रहे थे। अब उधर वाले परेशान थे कि कैसे समाधान हो। हिंदु हृदय सम्राट की रग रग जानने वाले भगवा नेता जी ने सीन में एन्ट्री ली। उन्होंने उधर वालों को बता दिया कि कुछ नहीं करना धरना। जैसे ही हिंदु हृदय सम्राट आयें उनकी जेब में पांच हजार रख देने हैं। फिर सारा समाधान ही मौके पर हो जायेगा। बताते हैं कि शाम को सम्राट आये और जैसे ही उनकी जेब में पांच हजार आये वो वहां से चुपचाप चल दिये। उधर वालों ने भी भगवा यूथ नेता जी काआभार जताया और कहा कि हमें पता होता तो पहले ही रख देते हम। हम तो उन्हें बहुत बड़ा क्रान्तिकारी समझ रहे थे। मगर हमें क्या पता कि महज पांच में ही पूरे सीन में शांति आ जायेगी।

### पार्षद जी तुम अधिकारी हो जो जनता तुम्हें शिकायत करती है

वैसे तो केसरिया सियासत में गजब का सीन यही चल रहा है कि अफसरों ने पोलिटिक्स विषय में टॉप किया है। पोलिटिक्स वालों ने अफसरी का डिप्लोमा ले लिया है। जो काम अधिकारियों को करना है उसे जनप्रतिनिधि कर रहे हैं। नए रूल में फूल वालों का सिस्टम ये है कि पहले चार-छह शिकायती पत्र अपने नाम सम्बोधित कराते हुए ले लेते हैं। फिर अपने लैटर पैड पर शिकायत करते हैं। कोई अगर पूछे तो उन पत्रों को सामने निकालते हैं और बताते हैं कि पब्लिक मुझसे शिकायत कर रही है। मौहल्ले वाले पूछ रहे हैं कि पार्षद जी तुम जीडीए के जेई हो या चीफ इंजीनियर हो। जो लोग तुम्हें पत्र लिख रहे हैं। तुम चौकी इंचार्ज हो या कोतवाल जो लोग तुम्हें तहरीर दे रहे हैं। या तो लोग इतने अज्ञानी हैं कि उन्हें पता ही नहीं कि शिकायत किससे करनी हैं या पार्षद जी इतने ज्ञानी हैं कि हर महकमें की शिकायत को रिसीव कर रहे हैं। जैसे अन्य मामलों में लोगों को टरका देते हो वैसे ही इन शिकायतों को भी एज इट इज क्यों नहीं आगे कार्यवाही के लिए सरका देते हो।

### बाजार वालों के साथ अपोजिशन के नेता आते नहीं या वो बुलाते नहीं

बाजारों में दुकान के किराये से लेकर हाउस के टैक्स का मामला गूंज रहा है। यहां शिकायत भी सरकार से है और हिमायत भी सरकार वाले कर रहे हैं। जो इक्का दुक्का विपक्ष के लीडर हैं वो भी अब खुद को लीडर ना बताकर व्यापार मंडल का नेता बता देते हैं। सवाल यही उठा कि ये अपोजिशन के नेता आखिरकार बाजार में क्यों नहीं आते हैं। ये व्यापारियों की आवाज क्यों नही उठाते हैं। यहां पर फिर पूछनेवाले धीरे से पूछ ही लिया कि अपोजिशन वाले आते नहीं हैं या ये बाजार वाले उन्हें बुलाते नहीं है।

## शहीदों की शहादत और लोहिया का विचार ही देश को बचाएगा: रामदुलार यादव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती और क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस को ह्यअन्याय और शोषण मुक्ति दिवसह्व के रूप में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रामदुलार यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. लोहिया ने संसद से सड़क तक विषमता और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने पिछड़ी और शोषित जातियों को राजनीति में नई पहचान दिलाई। उन्होंने आगे कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे वीरों की कुबार्नी ने ही आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। जिस तरह इन वीरों ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दी थीं, आज वैसी ही वैचारिक क्रांति की आवश्यकता है।

शिक्षाविद रामदुलार यादव ने वर्तमान हालातों पर प्रहार करते हुए कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानियों के सपने तार-तार हो रहे हैं। देश में नफरत और धार्मिक पाखंड का माहौल फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, श्यह बेहद चिंताजनक है कि आज भी 81 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यदि आज हमारे वीर सपूत जीवित होते, तो वे सोचते कि क्या इसी गरीबी और लाचारी के लिए उन्होंने कुबार्नी दी थी। अधिनायकवादी ताकतें लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलक धारी यादव ने की, जबकि आयोजन जिला पंचायत के भावी सदस्य प्रमोद यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव आलोक यादव ने किया।

इस अवसर पर चंद्रेश यादव, मनोज सोनहरा चंद्रबली, राम लखन, राम जीत, आकाश यादव, क्षमा नाथ, सिकंदर यादव, सोनू सिंह, बंटी मोदनवाल, अमर बहादुर, राजेंद्र यादव, कुलदीप यादव, सब राज, पल्लकु यादव, तेज बहादुर, सोनू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## रामानुज दयाल मार्केट के व्यापारियों ने हाउस टैक्स निर्धारण में समानता की उठाई मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में शामिल रामानुज दयाल मार्केट के व्यापारियों ने दुकानों के हाउस टैक्स निर्धारण को लेकर गंभीर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से न्यायसंगत व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इस संबंध में रामानुज दयाल मार्केट कमेटी, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के बैनर तले एक लिखित ज्ञापन शहर विधायक को सौंपा गया। ज्ञापन में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी पंडित राकेश शर्मा (सदरपुर) ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए बताया कि मार्केट में विभिन्न आकार की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनमें 510, 810, 1010, 520 और 1020 जैसे अलग-अलग माप शामिल हैं। बावजूद इसके, हाउस टैक्स का निर्धारण वास्तविक आकार के अनुरूप न होकर एक समान या असंगत तरीके से किया जा रहा है, जिससे छोटे दुकानदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

पंडित राकेश शर्मा (सदरपुर) ने कहा कि यह व्यवस्था न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि न्याय के सिद्धांतों के भी विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट मांग रखी कि दुकानों के वास्तविक क्षेत्रफल और आकार के आधार पर ही हाउस टैक्स तय किया जाए, ताकि सभी व्यापारियों के साथ समान और न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित हो सके।

मार्केट कमेटी के अन्य पदाधिकारियों ने भी प्रशासन से इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि इस विसंगति को दूर किया जाता है, तो इससे बाजार के सभी व्यापारियों को राहत मिलेगी और व्यापारिक वातावरण भी बेहतर होगा। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

### डिवाइडर पर चढ़ी यात्रियों से भरी रोडवेज बस, चालक की मौत, कई यात्री घायल

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में रविवार देर रात एनएच-09 स्थित गांव उपेड़ा के पास पीलीभीत डिपो की एक रोडवेज बस अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

## महाराजा अग्रसेन मानव सेवा ट्रस्ट राजेंद्र नगर के चुनाव संपन्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महाराजा अग्रसेन मानव सेवा ट्रस्ट राजेंद्र नगर के चुनाव महाराजा अग्रसेन भवन राजेंद्र नगर साहिबाबाद में संपन्न हुए। चुनाव में संजय गुप्ता अध्यक्ष और अशोक गुप्ता (आटे वाले) सचिव पद के लिए निर्वाचित घोषित हुए।


इस अवसर पर आर के जिंदल उपाध्यक्ष, विनोद गुप्ता कोषाध्यक्ष और शैकी अग्रवाल सहसचिव पद के लिए चयनित किए गए। चुनाव मुख्य संरक्षक एवं चुनाव आयुक्त डॉ हर प्रसाद गुप्ता के कुशल प्रबंधन में संपन्न हुए।

निर्वाचित सचिव अशोक गुप्ता आटे वालों ने कहा कि भवन निरंतर समाज की सेवा में कार्य कर रहा है और निकट भविष्य में भी सेवा कार्य को और बेहतर करने का हमारा प्रयास रहेगा।

## वैशाली कंपोजिट विद्यालय के छात्र श्रीहरिकोटा में देखेंगे अंतरिक्ष के रहस्य



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देश की युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें आधुनिक तकनीक से रूबरू कराने के उद्देश्य से सरकार ने एक प्रेरणादायक पहल की है। इसके तहत जनपद गाजियाबाद के चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम के लिए जनपद के दो होनहार छात्रों का चयन किया गया है। अनुरागः कंपोजिट विद्यालय, वैशाली नगर क्षेत्र। हर्षः कंपोजिट विद्यालय, रॉरी (भोजपुर ब्लॉक)। इन विद्यार्थियों के लिए यह यात्रा केवल किताबी ज्ञान से बाहर निकलने का जरिया नहीं, बल्कि पहली बार हवाई यात्रा का रोमांच और देश के शीर्ष वैज्ञानिकों के कार्यस्थल को करीब से देखने का एक सुनहरा अवसर है। प्रधानाचर्य पुष्पा रानी ने बताया विद्यार्थियों के इस दल के साथ मेरठ मंडल से विज्ञान अध्यापिका रेखा राज नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहेंगी। वह पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों को उपग्रह प्रक्षेपण की जटिल प्रक्रियाओं और अंतरिक्ष अनुसंधान की बारीकियों से अवगत कराएंगी। साथ ही, मुरादाबाद मंडल से योग्यता गुप्ता और शामली से कुमारी प्रतिमा भी नोडल अध्यापिका के रूप में इस दल का हिस्सा बनकर बच्चों के अनुभव को समृद्ध करेंगी।






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्नेह और अपनत्व ही रिश्तों की मजबूत डोरी का एहसास कराता है। लहजे में एक स्नेह उमड़ आता है जब अपना कोई घर आता है। मीना कौशिक ने अपने परिवार के सदस्यों के आने की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। अपने शब्दों के जरिए उन्होंने अपनी भावनाओं का इजहार किया। रिश्तों की इस मिठास को फेसबुक पर उन्होंने साझा किया। मीना कौशिक की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# धर्म यात्रा महासंघ की गाजियाबाद महानगर इकाई गठित











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धर्म यात्रा महासंघ की गाजियाबाद महानगर इकाई का गठन नवयुग मार्केट स्थित जे.एस.बी. पार्टी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने अनिल अग्रवाल 'सांवरिया' को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर ईश्वर दयाल अग्रवाल व साहिल वालिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बताया गया कि महासंघ देश के 19 राज्यों में सक्रिय है और अब महानगर स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। वक्ताओं ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को संगठित होने का आह्वान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल अग्रवाल 'सांवरिया' ने कहा कि संगठन धार्मिक यात्राओं को व्यवस्थित करने और तीर्थ स्थलों के विकास के लिए कार्य करेगा।

इस दौरान महानगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक के रूप में राम अवतार जिंदल, देवेंद्र हितकारी, अतुल जैन, के.पी. गुप्ता, आर.के. पोद्दार, अनिल कुमार गर्ग, आशुतोष गुप्ता बिंदल, सुधीर अग्रवाल, योगेश गोयल व आर.जी. शर्मा शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में पुनीत गुप्ता, गौरव गर्ग, रजनीश बंसल, राजेश गुप्ता, विपिन गोयल व अंकित शर्मा, महामंत्री में प्रवीण शर्मा, सौरभ गुप्ता, संजय अग्रवाल (प्रशासन व मीडिया), तनुज गंभीर व गोस्वामी कुंज बिहारी, कोषाध्यक्ष में सुनील वाष्णेय तथा उपाध्यक्ष में संजीव अग्रवाल, नवीन गौतम, सौरभ गुप्ता, दीप सागर वासुदेवा व रमन गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई। महिला टीम में डॉ. मधु पौद्दार के मार्गदर्शन में संगीता माहेश्वरी को अध्यक्ष, अंजलि सिंघल को महामंत्री, दीप्ति अरोरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ज्योति बंसल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में महंत गिरजानंदनी ने शहीदों को नमन किया।

अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## ईरान की बड़ी चेतावनी: हमला हुआ तो खाड़ी में बिछेंगी बारूदी सुरंगें

**तेहरान।** ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके तट या द्वीपों पर हमला हुआ, तो वह फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछा देगा। इससे वैश्विक तेल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े रुख और खार्ग द्वीप पर नजर ने तनाव बढ़ाया है। पश्चिम एशिया में तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। तेहरान गल्फ में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है जैसी चेतावनी ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त बयानबाजी और इस्राइल के साथ बढ़ते सैन्य दबाव के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि अगर उसके तट या द्वीपों पर हमला हुआ, तो वह बड़ा कदम उठाएगा। इसी बीच रूस ने भी परमाणु ठिकानों के पास हमले को बेहद खतरनाक बताया है। ईरान की नेशनल डिफेंस काउंसिल ने बयान जारी कर कहा है कि अगर उसके तट या द्वीपों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी में सभी संचार मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर दिया जाएगा।

## दुनिया की अर्थव्यवस्था पर इस युद्ध का होगा बहुत बुरा असर
# आईईए प्रमुख बोले- इससे कोई अछूता नहीं रह पाएगा




**नई दिल्ली।** इस्राइल और ईरान में युद्ध जारी है। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख का एक बयान सामने आया है। उन्होंने इस युद्ध को एक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बताया।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बहुत बड़ा खतरा का सामना करना पड़ रहा है। फातिह बायरोल ने सोमवार को कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के नेशनल प्रेस क्लब में कहा अगर देश इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा तो कोई भी देश इस संकट के प्रभावों से अछूता नहीं रहेगा।

### रूस-यूक्रेन युद्ध से भी बुरा बताया

उन्होंने कहा कि में संकट पश्चिम एशिया का संयुक्त प्रभाव 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी कहीं अधिक बुरा रहा है। उनकी ये टिप्पणी ऐसे समय आई है जब इस्राइल ने सोमवार सुबह तेहरान के खिलाफ हमलों की एक नई लहर शुरू की। एक शीर्ष अमेरिकी कमांडर ने ईरानियों को निकट भविष्य के लिए आश्रयों में रहने के लिए भी कहा, जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसियों पर हमले तेज कर दिए और उनके बिजली संयंत्रों पर हमला शुरू करने की धमकी दी।

### 40 ऊर्जा संपत्तियां को नुकसान हुआ

बायरोल ने कहा कि इस क्षेत्र के नौ देशों में स्थित 40 ऊर्जा संपत्तियां गंभीर रूप से या बहुत गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों से अतिरिक्त भंडारित तेल जारी करने की संभावना के बारे में परामर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम देखेंगे, हम बाजारों का जायजा लेंगे।

अगर जरूरी हुआ तो हम जरूर ऐसा करेंगे, लेकिन हम परिस्थितियों का जायजा लेंगे, बाजार का विश्लेषण और आकलन करेंगे और अपने सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे ।ह्वईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना शिकंजा कसने के मद्देनजर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तेहरान को सभी जहाजों के लिए रणनीतिक जलमार्ग खोलने के लिए 48 घंटे की समय सीमा दी है, और कहा है कि अन्यथा संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने मध्य पूर्व के समय क्षेत्र के अनुसार रविवार तड़के सोशल मीडिया पर धमकी भरी पोस्ट डाली।

# लंदन में यहूदी एंबुलेंस वाहनों को आग के हवाले बढ़ते तनाव के बीच हेट क्राइम की जांच

## गोल्डर्स ग्रीन में चार गाड़ियां जलीं, ब्रिटेन पीएम ने की निंदा, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**लंदन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच लंदन में यहूदी विरोधी घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। दरअसल लंदन में एक यहूदी एंबुलेंस सेवा के चार वाहनों में आग लगा दी गई। लंदन की पुलिस इस घटना को यहूदी विरोध से जोड़कर जांच कर रही है।

लंदन में एक यहूदी चैरिटी संगठन की चार एम्बुलेंस गाड़ियों को सोमवार तड़के आग के हवाले कर दिया गया। ब्रिटिश पुलिस इस घटना की जांच घृणा अपराध (हेट क्राइम) के तौर पर कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे यहूदी-विरोधी हमला बताया। उन्होंने कहा, 'मेरी संवेदनाएं यहूदी समुदाय के साथ हैं, जो सुबह इस भयावह खबर के साथ जागा है।'

### वाहनों में आग लगने के साथ हुए धमाके

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, आग लगने की घटना लंदन के गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुई, जहां बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। लंदन फायर ब्रिगेड ने बताया कि स्वयंसेवी आपातकालीन चिकित्सा सेवा देने वाले संगठन हटजोला नॉर्थवेस्ट की चार एम्बुलेंस इस आग में क्षतिग्रस्त हो गईं। वाहनों में रखे कई गैस सिलेंडर फटने से पास की एक इमारत की खिड़कियां भी टूट गईं। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग पर काबू पा लिया गया है।




पुलिस अधीक्षक सारा जैक्सन ने बताया कि इस घटना से यहूदी समुदाय में चिंता है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और इलाके में अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि धमाकों की आवाज गैस कैनिस्टर फटने के कारण आई थी। एहतियात के तौर पर आसपास के घरों को खाली करा लिया गया।

### ब्रिटेन में बढ़ रहे एंटी-सेमिटिक मामले

समुदाय सुरक्षा ट्रस्ट के अनुसार, साल 2023 के अंत में शुरू हुई इस्राइल-हमास की लड़ाई के बाद से ब्रिटेन में यहूदी-विरोधी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी हुई है।

संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में ऐसे 3,700 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 1,662 थी। अक्तूबर 2025 में मैनचेस्टर में योम किप्पुर पर्व के दौरान एक हमलावर ने सिनेगॉग के बाहर जुटे लोगों पर कार चढ़ा दी और एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस हमले के दौरान पुलिस की गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई थी।

## पश्चिम एशिया संघर्ष से डरी शहबाज सरकार
### फोड़ा महंगाई बम, सीधे 300 के पार पहुंचाए पेट्रोल के दाम

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किराये में और अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, टिकट कीमतों में 10,000 से 28,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है, जबकि पश्चिम एशिया और मध्य एशियाई देशों के लिए किराये में करीब 15,000 रुपये तक की बढ़ोतरी देखी गई है।



पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य में ऊर्जा संसाधनों से लदे कई वाणिज्यिक जहाज फंसे हुए हैं। इस बीच पाकिस्तान ने हाई-ऑक्टेन ईंधन की कीमत में भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 100 पाकिस्तानी रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लग्जरी वाहनों में इस्तेमाल होने वाले इस ईंधन पर टैक्स बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यह फैसला रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता खुद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। बैठक में ईंधन कीमतों और आर्थिक राहत से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई। इसमें कानून एवं न्याय मंत्री आजम नजीर तरार, वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अत्ताउल्लाह तरार और पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पाकिस्तान में फूटा महंगाई बम

रिपोर्ट के अनुसार, हाई-ऑक्टेन ईंधन की कीमत में इस बढ़ोतरी का असर सार्वजनिक परिवहन और हवाई यात्रा के किराए पर नहीं पड़ेगा। पाकिस्तान सरकार ने इससे पहले 6 मार्च को भी वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के चलते पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी।

यह उछाल अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण घरेलू ऊर्जा लागत पर दबाव बढ़ने से आया था। उस समय पेट्रोल की कीमत 266.17 रुपये से बढ़ाकर 321.17 रुपये प्रति लीटर कर दी गई थी, जबकि डीजल की कीमत 280.86 रुपये से बढ़ाकर 335.86 रुपये प्रति लीटर कर दी गई थी।

### सरकार पहले भी बढ़ा चुकी है तेल की कीमतें

पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने उप प्रधानमंत्री इशाक डार और वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की थी। वहीं, 10 मार्च को जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तानी एयरलाइंस ने भी किराया बढ़ा दिया था। एयरलाइन सूत्रों के मुताबिक, घरेलू उड़ानों के टिकट में 2800 से 5000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई।

# पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद, अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच ट्रंप ने हमले रोके

## ऊर्जा संयंत्रों पर 5 दिन तक हमले स्थगित, बातचीत सफल रही तो थम सकती है जंग

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के रुकने के आसार नजर आ रहे हैं। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिन की वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा प्लांट्स पर हमले के अपने आदेश को अगले पांच दिन तक रोकने के निर्देश दिए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा अपडेट साझा किया है। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में पश्चिम एशिया में हमारी शत्रुता के पूर्ण और समग्र समाधान के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत की है। ट्रंप ने आगे कहा कि इस बातचीत के बीच, जो पूरे सप्ताह जारी रहेंगी, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि ईरानी ऊर्जा संयंत्रों और ऊर्जा संरचनाओं पर सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाए, बशर्ते कि चल रही बैठकों और चचाओं का परिणाम सकारात्मक रहे।

### शांति वार्ता के लिए क्या किए गए प्रयास?



इससे पहले अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सिओस ने दावा किया था कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन ईरान के साथ शांति वार्ता की संभावनाओं पर प्रारंभिक चर्चा शुरू कर चुका है। एक शीर्ष अमेरिकी अधिकारी और जानकार सूत्र के हवाले से इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के बाद बीते तीन हफ्ते में वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कोई सीधा संपर्क नहीं हुआ है। हालांकि, मिस्र, कतर और ब्रिटेन ने दोनों पक्षों तक संदेश पहुंचाए हैं। शनिवार को आई एक्सिओस की इस रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी और दो अन्य जानकार सूत्रों के हवाले से लिखा, मिस्र और कतर ने अमेरिका के साथ-साथ इस्राइल को भी सूचित किया है कि ईरान बातचीत करना चाहता है।

### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत का महत्व

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के बीच यह संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चले आ रहे मतभेदों और संघर्षों को देखते हुए, किसी भी प्रकार की सकारात्मक बातचीत को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### पश्चिम एशिया में शांति की संभावना

पश्चिम एशिया क्षेत्र दशकों से अस्थिरता और संघर्ष का साक्षी रहा है। अमेरिका और ईरान दोनों ही इस क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, और उनके बीच के संबंध इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यदि यह कूटनीतिक पहल सफल होती है, तो इससे न केवल दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की संभावना भी बढ़ेगी।

## उड़ान के दौरान महिला की मौत, 13 घंटे शव के साथ यात्रा को मजबूर हुए यात्री

**लंदन।** हांगकांग से लंदन जा रहे ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान में रविवार को एक महिला यात्री की मौत हो गई। उसकी उम्र 60 वर्ष के आसपास थी। महिला के शव को विमान के पीछे हिस्से में रख दिया गया जहां की फर्श गर्म थी। 13 घंटे से अधिक की उड़ान में शव से बदबू आने लगी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा लेकिन पायलट ने आपात लैंडिंग कराने के बजाय यात्रा जारी रखी। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए32 के हांगकांग से उड़ान भरने के एक घंटे बाद ही महिला यात्री की मौत हो गई। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एयरबस ए350-1000 में चालक दल के सदस्यों के साथ 331 यात्री सवार थे। महिला की मौत के बावजूद पायलटों ने मार्ग बदलने या हांगकांग लौटने के बजाय हीथ्रो हवाईअड्डे तक यात्रा जारी रखने का फैसला किया। चालक दल के सदस्यों ने पहले शव को शौचालय में रखने पर विचार किया। बाद में शव को पीछे रसोई




### लैंडिंग के बाद 45 मिनट पुलिस ने की विमान की जांच

सूत्र के हवाले से फॉक्स न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में बताया, कर्मचारियों ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि रसोई घर का फर्श गर्म था। आरोप है कि गर्मी के कारण तीखी गंध उत्पन्न हुई और उड़ान के दौरान केबिन के पिछले हिस्से में फैल गई। कई यात्रियों ने विमान के उस हिस्से से दुर्गंध आने की शिकायत की।

# ट्रंप ने टाले हमले, ईरान बोला–कोई बातचीत नहीं हुई

**तेहरान।** अमेरिका-ईरान में जारी जंग के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने एलान किया कि उन्होंने ईरानी ऊर्जा प्लांट्स पर हमले की योजना को पांच दिन के लिए टाल दिया है। अब इसे लेकर ईरान की तरफ से बड़ा दावा किया गया है कि, दोनों पक्षों में कोई बातचीत नहीं हुई हैं। वहीं, कई ईरानी समाचार पत्रों ने कहा है कि ट्रंप ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद पीछे हट गए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ईरान के ऊर्जा प्लांट्स पर पांच दिन तक हमले रोकने के निर्देश पर तेहरान ने पहली प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद पीछे हट गए हैं। बता दें कि, ट्रंप की तरफ से पहले दी चेतावनी की समय सीमा मंगलवार को लगभग सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार) पर समाप्त होनी थी। लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इसे पांच दिन बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'ईरान के साथ पिछले दो दिनों में बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसका मकसद मध्य पूर्व में जारी टकराव का पूर्ण समाधान निकालना है। चचाओं का ये दौर पूरे हफ्ते जारी रहेगा। दोनों देशों के बीच गहन और विस्तृत चचाओं के सकारात्मक रवैए को देखते हुए, 'मैंने अमेरिकी रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के पावर प्लांट्स और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया जाए।'



### ईरान ने नुकसान की एवज में मुआवजे की मांग रखी- एक्सिओस

वहीं अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने बमबारी से हुए नुकसान की एवज में मुआवजे की मांग की है। तेहरान की तरफ से भविष्य में युद्ध न होने की गारंटी दिए जाने जैसी कड़ी शर्तें भी रखी गई हैं। एक्सिओस ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया है कि वॉशिंगटन ईरान से छह बिंदुओं पर प्रतिबद्धता चाहता है। अमेरिका की तरफ से जिन प्रतिबद्धताओं की बात कही गई है ये क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान शांति बहाली से पहले इन शर्तों को पूरा करे।

एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, पहली तीन प्रतिबद्धताओं में मिसाइल और यूरेनियम यानी परमाणु से जुड़े मसले शामिल हैं। इसके मुताबिक ईरान अगले पांच साल तक कोई मिसाइल कार्यक्रम नहीं चलाएगा। जिन बिंदुओं पर समझौते होने हैं, उनमें यूरेनियम संवर्धन पर रोक लगाना भी शामिल है। अमेरिका चाहता है कि ईरान नतांज, इस्फहान और फोर्डो परमाणु केंद्रों पर काम बंद करे।

# एयर कनाडा विमान हादसे में दो लोगों की मौत

**कनाडा।** अमेरिका के ला गॉर्डिया एयरपोर्ट पर एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक यात्री विमान लैंडिंग के दौरान रनवे पर मौजूद ग्राउंड व्हीकल से टकरा गया। इस हादसे के बाद एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन ठप है। इस भीषण हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।





अमेरिका के ला गॉर्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। मॉन्ट्रियल से आ रहा एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक यात्री विमान लैंडिग के दौरान रनवे पर मौजूद एक ग्राउंड व्हीकल से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। मरने वाले लोग यात्री हैं या क्रू मेंबर, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। एयर कनाडा के मुताबिक, इस विमान में 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे।

**ऑडियो आया सामने :** अब इस हादसे का एक ऑडियो भी सामने आया है। ऑडियो के मुताबिक, एयर कनाडा एक्सप्रेस की फ्लाइट 7631 लैंड करने ही वाली थी, तभी एक फायर ट्रक अचानक उसके रास्ते में आ गई।

**पूरा एयरपोर्ट हुआ ठप :** हादसे के तुरंत बाद अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने ला गॉर्डिया एयरपोर्ट पर 'ग्राउंड स्टॉप' लागू कर दिया। इसका मतलब है कि न तो कोई विमान वहां उतर सकता है और न ही उड़ान भर सकता है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, रात करीब 11:45 बजे विमान अग्निशमन वाहन से जा टकराया। वह गाड़ी किसी दूसरी घटना के लिए जा रही थी। इस टक्कर के बाद विमान के अगले हिस्से में भारी नुकसान देखा गया। पास ही दमकल की गाड़ी भी पलटी हुई मिली। जांच के लिए एयरपोर्ट को सुबह 3 बजे से बंद कर दिया गया है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की बारीकी से जांच कर रहा है।

# ईरान ने हमलों के लिए जारी की पश्चिम एशिया के बिजली-जल संयंत्रों की सूची, खाड़ी देशों में डर का माहौल



**तेहरान।** अमेरिका ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। उस अल्टीमेटम को पूरा होने में कुछ ही घंटे का समय बाकी है। इस बीच ईरान ने पश्चिम एशिया के बिजली और जल संयंत्रों पर हमले की धमकी दी है और इन ठिकानों की सूची जारी की है।

अमेरिका के ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले की धमकी दी गई थी, जिसके जवाब में ईरान ने भी पूरे पश्चिम एशिया के ऊर्जा और जल संयंत्रों पर हमले की धमकी दी थी। अब ईरान ने अपनी धमकी को दोहराते हुए पश्चिम एशिया के ऊर्जा ठिकानों और जल संयंत्रों की सूची जारी की है। ईरान के मीडिया ने ये सूची जारी की है, जिससे साफ है कि ईरान को अपने लक्ष्यों की पूरी जानकारी है। इससे पश्चिम एशिया के देशों में यकीनन चिंता और डर का माहौल है। ईरानी मीडिया ने जारी की सूची ईरान की सरकारी फार्स न्यूज एजेंसी, जो ईरान के आईआरसीजी की करीबी मानी जाती है, ने पश्चिम एशिया के ऊर्जा और जल संयंत्रों की सूची जारी की है। इसमें मध्य पूर्व के कई अहम बिजली और जल शोधन (डिसैलिनेशन) संयंत्र शामिल हैं। इस सूची में संयुक्त अरब अमीरात का बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी शामिल है, जिसमें चार रिएक्टर हैं और जो सऊदी अरब की सीमा के पास पश्चिमी रेगिस्तानी इलाके में स्थित है।

ईरान की न्यायपालिका से जुड़ी मिजान न्यूज एजेंसी ने भी इसी तरह की सूची प्रकाशित की है। तेहरान की इस चेतावनी से खाड़ी देशों में बिजली और पानी की आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि इन रेगिस्तानी देशों में बिजली संयंत्र और समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने वाले प्लांट बेहद अहम हैं।

### पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल सकता है युद्ध

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम मंगलवार आधी रात को खत्म हो रहा है। अगर ट्रंप अपने कहे अनुसार, ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाते हैं तो इसके जवाब में ईरान भी पश्चिम एशिया के ऊर्जा ठिकानों और जल संयंत्रों को निशाना बना सकता है, जिससे यह युद्ध पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैलने का खतरा है। पहले ही ईरान युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित चल रही है, जिससे दुनियाभर में तेल और गैस के दाम बढ़े हुए हैं।

# किम जोंग उन फिर बने सर्वोच्च नेता, सत्ता में बड़ा फेरबदल
## करीबी सहयोगी को अहम पद, बहन किम यो-जोंग को आयोग से हटाया

**सियोल।** उत्तर कोरिया की सत्ता में एक बार फिर बड़ा संदेश देते हुए किम जोंग को स्टेट अफेयर्स कमीशन का अध्यक्ष बना दिया गया है। संसद के नए सत्र में यह फैसला हुआ, जहां उनके करीबी जो योंग-वोन को अहम जिम्मेदारी मिली। हालांकि सबसे चौंकाने वाला फैसला उनकी बहन किम यो-जोंग को आयोग से हटाना रहा।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को एक बार फिर देश की सबसे बड़ी सत्ता वाली संस्था स्टेट अफेयर्स कमीशन का अध्यक्ष चुन लिया गया है। यह फैसला देश की संसद सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) के नए सत्र की पहली बैठक में लिया गया। यह बैठक हाल ही में हुए सत्ताधारी पार्टी के सम्मेलन के बाद बुलाई गई थी। उत्तर कोरिया में आम तौर पर पार्टी कांग्रेस के बाद संसद की बैठक होती है, ताकि वहां लिए गए फैसलों को कानून का रूप दिया जा सके।



बता दें कि इस फेरबदल में एक अहम बात यह रही कि किम जोंग-उन की बहन किम यो-जोंग को स्टेट अफेयर्स कमीशन से हटा दिया गया है। वह 2021 से इस संस्था की सदस्य थीं और उन्हें काफी ताकतवर नेता माना जाता है।

### अब संविधान में बदलाव पर रहेगा फोकस

हालांकि दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि इस बैठक में संविधान में बदलाव पर भी चर्चा हो सकती है। ऐसे में संभव है कि उत्तर और दक्षिण कोरिया के रिश्तों को आधिकारिक रूप से दो दुश्मन देशों के रूप में परिभाषित किया जाए।

### उत्तर कोरिया में कैसे होता है चुनाव?

इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि उत्तर कोरिया की संसद में कुल 687 सदस्य चुने गए हैं। उत्तर कोरिया में चुनाव की प्रक्रिया दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देशों से बहुत अलग है। यहां के चुनाव में मतदाताओं को केवल एक उम्मीदवार का नाम वाला मतपत्र दिया जाता है। इसके बाद अगर कोई व्यक्ति उम्मीदवार का विरोध करना चाहता है, तो उसे अलग बूथ में जाकर नाम काटना पड़ता है। यह प्रक्रिया गुप्त नहीं होती और इसे कभी-कभी राजद्रोह जैसा माना जा सकता है।

# लश्कर-ए-ताइबा सरगना बिलाल आरिफ सराफी को परिवार वालों ने उतरा मौत के घाट



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी भर्ती में सक्रिय रहे लश्कर-ए-ताइबा के सरगना बिलाल आरिफ सराफी की उसके ही परिवार के लोगों ने हत्या कर दी। ईद की नमाज के बाद शनिवार को बिलाल पर चाकू से हमला किया गया और फिर उसे गोली मार दी गई। बिलाल पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह हुए लश्कर के मुरीदके स्थित मुख्यालय के पास हमला हुआ।

सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में बिलाल खून से लथपथ जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि बिलाल को उसके परिवार के लोगों ने ही मौत के घाट उतारा है। हालांकि, फिलहाल हत्या के असल कारणों का पता नहीं चल पाया है।

सूत्रों का कहना है कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हो सकता है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, बिलाल लश्कर के मुरीदके स्थित मुख्यालय में प्रशिक्षण के लिए आतंकियों की भर्ती करता था। उसका काम युवाओं की पहचान कर उन्हें आतंकी संगठन के लिए तैयार करना था। इस दौरान वह लोगों का ब्रेनवॉश भी करता था।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम | 08 | मंगलवार • 24 मार्च -2026






# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के परिवार को मिले हैं अपने बुजुर्गों से विरासत में ये संस्कार

# जन्मदिन पर पहले गऊशाला, फिर मंदिर और फिर लिया बड़ों का आशीर्वाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार हमेशा विरासत में मिलते हैं। परिवार को संस्कारों की प्रथम पाठशाला कहा गया है। राष्ट्रवादी संस्कार हों, सनातन संस्कार हों और इन संस्कारों को अगर अगली पीढ़ी ग्रहण करती है, आत्मसात करती है तो ये उस परिवार की सबसे बड़ी ताकत होती है। संस्कारों की बात है तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का परिवार एक मिसाल है। शुरूआत परिवार के बड़े सदस्यों से हुई है और बड़ी बात ये है कि युवा बच्चों के रक्त में भी ये संस्कार समाहित हो गये हैं। वो तस्वीरें अभी भी हैं जिनमें सुनील शर्मा वोट डालने जा रहे हैं तो अपनी बुजुर्ग माता जी का हाथ पकड़कर उनके साथ जा रहे हैं।

वो तस्वीरें अभी भी है जिनमें वो अपनी माता को तीर्थ यात्रा करा रहे हैं। वो तस्वीरें अभी भी हैं जिनमें वो गऊशाला में गायों को भोजन करा रहे हैं। वो तस्वीरें अभी है जिनमें वो पैत्रक गांवों में परिवार के सदस्यों के साथ भोजन कर रहे हैं। कुल मिलाकर सार ये है कि परिवार का मुखिया जब प्रथम देवता का दर्जा प्राप्त मां को सम्मान दे रहा है। मंदिर में ईश्वर के प्रति समपित है और गऊ सेवा से लेकर अपने परिवार की जड़ों तक जुड़ा है तो फिर निश्चित रूप से ये परिवार संस्कारों की पाठशाला है। जिस परिवार में ऊंचाईयों पर पहुंचने के बाद भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने के संस्कार हैं तो निश्चित रूप से वहां अगली पीढ़ी उन्हें आत्मसात करती है। इसकी बानगी भी दिखाई दी जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के भतीजे और अजय शर्मा के सुपुत्र विक्रांत भारद्वाज ने अपने जन्मदिन पर कुछ कहा नहीं लेकिन साबित कर दिया कि परिवार संस्कारों से जुड़ा है और संस्कार हमारे भीतर मौजूद हैं। विक्रांत भारद्वाज का जन्मदिन और जन्मदिन के मौके पर जब युवा पार्टी करते हैं तब ये संस्कार थे कि विक्रांत भारद्वाज सबसे पहले अपने जन्मदिन पर करहैड़ा की गौशाला में गये, वहां गऊसेवा की और गायों को भोजन कराया। इसके बाद वो चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा जी के मंदिर गये और यहां शीश नवाया, आशीर्वाद लिया।







फिर श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचे और अपने जन्मदिन पर भगवान भोलेनाथ को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वो अपने कार्यस्थल पर पहुंचे। सभी की शुभकामनाएं स्वीकार कीं और बड़ों से आशीर्वाद लिया।

जब आज की युवा पीढ़ी सेलीब्रेशन के मतलब कुछ और ही जानती है तब विक्रांत भारद्वाज जैसे युवा वास्तव में एक मिसाल हैं और सत्य ये भी है कि पूरा परिवार ही अपने आप में सनातन संस्कार, राष्ट्रवाद संस्कार और परिवार संस्कार की पाठशाला है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब अर्थ लाने वाले मंडल में चल रहा था प्रशिक्षण का प्रोग्राम? सुना है यहां पर एक सवाल पूछ कर त्यागी जी ने कर दिया सभी को हैरान? पूछ लिया उन्होंने उपाध्याय जी का डेट ऑफ बर्थ? जिसे सामने बैठा कोई भी चेहरा नहीं कर पाया अर्ज? परीक्षा में जब सामने वाले फेल हुए तो दिखी त्यागी जी के चेहरे पर जटिल सी मुस्कान? फिर सामने से भगवा कमिश्नर ने उनको कर दिया हैरान? कहा आप ही बता दो डेट ऑफ बर्थ? आप यहां पर फिर किस लिए प्रशिक्षण देने आये हो श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पुरा वाली भगवा कमिश्नरी में भगवा किंग ने भाषण दिया जोरदार? कार्यकर्ताओं को भा रहे थे उनके विचार? सुना है अचानक बदल गया यहां पर नजारा? किसी ने कमिश्नरी के महानमंत्री को किया किंग साहब को रोकने का इशारा? वो बात समझ नहीं पाया सीधी? उसने सम्बोधन के बीच में ही उनको रोकने के लिए बजा दी सीटी? पता चला है ऐसा करने से वो हो गये बहुत ज्यादा नाराज? वैसे इसकी क्या गलती कहें? इशारा कहां से मिला था, इस पर होनी चाहिए बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** खोड़ा वाले एरिया में जब से बन कर आया है बाहरी नामित? तब से ये बात नहीं हो रही है यहां के दिलजलों को हजम? वो कह रहे हैं ना खुदा मिला ना विसाल ए सनम? हमारे साथ हो गया कुछ ऐसा सितम? कहने वाले कह रहे हैं इस फैसले को अब तुम मान लो नजीर? देखना भविष्य में चेयरमैन वाले पद पर भी बाहर से ही चला जायेगा तीर? अगर आज नहीं मचाओंगे शोर? भविष्य में कोई बाहरी चेहरा ही संभालेगा चेयरमैन वाली डोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रशिक्षण वाले शिविर में जब उन्होंने देखा मंच पर सात चेहरों को मौजूद? उन्हें ये व्यवस्था बिल्कुल भी नहीं लगी खूब? वो बोले प्रोटोकॉल के अनुसार दो से तीन लोगों को ही मिलना चाहिए स्थान? बाकी महामंत्री क्यों चढ़े हैं हमें समझ नहीं आ रहा श्रीमान? सुना है ये सब देखकर महान वाले त्यागी जी हो गये नाराज? उनकी नाराजगी ने दिखाया असर? फिर वैसा ही सजा मंच? जैसा किया था पार्टी ने जिक्र?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अंदर से पता चली है बात? रूठे हुए नागर जी को मना लिया गया है साहब? सुना है ये काम दिया गया था एक खास चेहरे के नाम? मिशन योद्धा की ओर से सौंपा गया था? हमें कहीं से पता चला है श्रीमान? सुना है इस चेहरे ने अपना फर्ज सही से निभा लिया है? घर पर जाकर इसने नागर जी को मना लिया है? अब ये नहीं पता चल रहा कि नागर जी अपने प्रिय पंजाबी चेहरे से हुए हैं या नहीं हुए हैं खुश? अगर बात बन गई है तो फिर देखने वाले देखना चाहते हैं इस बात का प्रूफ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम अग्रवाल जी की गतिविधियों पर रख रहे हैं नजर बारीक? वो लगातार एक्टिव हैं, इसलिए एमएलसी चुनाव की दावेदारी को हम नहीं कर सकते खारिज? लगातार वो कर रहे हैं पार्टी के प्रमुख चेहरों से मुलाकात? फार्म बांटने का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है साहब? राष्ट्रीय अध्यक्ष से उनकी मुलाकात के फोटो को लेने वाले बिल्कुल भी ना लें लाईट? वो गोयल साहब को दे रहे हैं अब सामने से फाईट? वो इस गेम के पुराने खिलाड़ी हैं? उन्हें पता है कब रांन्ग करना है और कब करना है मामले को राईट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था एक जगह पर? वहां पर बात कर रहे थे दो अंकल? कह रहे थे एमएलसी चुनाव को लेकर गर्ग साहब की पसंद बन सकते हैं कविनगर वाले बंसल? बताने वाले ने यहां पर किया भविष्य की ओर इशारा? कहा बंसल जी विधानसभा की ओर देख रहे हैं? एमएलसी बनाकर हो सकता है उनके अरमानों का निपटारा? देखना भविष्य में बंसल जी का दिखाई देगा स्टोरी में ट्विस्ट? वो पूरे प्रयास कर रहे हैं? जब घोषित हो दावेदारों के नाम? तो लिस्ट में उनका नाम भी दे ट्विस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे एक मजबूत एमएलसी चेहरे के पास? वहां पर हमने कहा दावेदारी में एक चेहरा चैन नहीं ले रहा है साहब? उन्होंने कहा जिन मिस्टर चैन की कर रहे हो आप बात? देखना वो हर सूरत में इस बार लड़ेंगे चुनाव? फिर उनसे किसी ने पूछा हर सूरत से आपका क्या मतलब है? उन्होंने कहा बहुत समझदार हो? इतने में ही समझ जाओ मेरे शब्दों का भाव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चर्चा हो रही है दिन में शाम की? वो मेहनत में बात कर रहे हैं आराम की? हम पूछना चाहते हैं कि वैसे तो देते हैं वो जय और वीरू होने की दुहाई? मगर इतना कुछ हो गया फिर ये दोस्ती किस काम की? अधिकारी ने लगाये वीरू पर खुलकर आरोप? जय रहे इस मैटर में पूरी तरह खामोश? हमें लगा था कि वो कुछ तो देंगे इस मामले में तर्क? लगता है इस मैटर में दोस्त को लेकर नही पड़ा दूसरे दोस्त पर कोई फर्क?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों कुछ ज्यादा ही स्वागत करा रही है भगवागढ़ के महामंत्रियों की टीम? कोई ढोल पर ढोल पिटवा रहा है? कोई गले में माला पहन रहा है रंगीन? कहने वाले ने कहा अगर स्वागत का ये ऐसे ही चखते रहे स्वाद? हमें तो डर है कि कहीं इन सबकी आदत ना हो जाये खराब? कहीं लग ना जाये इनका इसी बात पर ध्यान? कहीं ऐसा ना हो स्वागत के बिना ये ना करें कोई भी काम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## थर्मोकूल होम एप्लायंसेज को प्रादेशिक गुणवत्ता पुरस्कार राजीव गुप्ता के नेतृत्व में मिली बड़ी उपलब्धि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए घोषित प्रादेशिक पुरस्कारों में गाजियाबाद स्थित थर्मोकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड का चयन विशिष्ट गुणवत्ता उत्पाद श्रेणी में किया गया है। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के लिए गौरव का विषय है, बल्कि जनपद के औद्योगिक परिदृश्य को भी नई पहचान देने वाली साबित हो रही है। कंपनी के सीएमडी राजीव कुमार गुप्ता को इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिक एवं औद्योगिक संगठनों द्वारा बधाइयाँ दी जा रही हैं। यह सम्मान उनके कुशल नेतृत्व, नवाचार आधारित सोच और गुणवत्ता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम माना जा रहा है। कंपनी ने अपने उत्पादों के माध्यम से बाजार में भरोसे और उत्कृष्टता की एक अलग पहचान स्थापित की है।




इस उपलब्धि में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। विशेष रूप से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह एवं उनकी टीम द्वारा उद्यमियों को दिए गए मार्गदर्शन और सहयोग को इस सफलता का अहम आधार माना जा रहा है। साथ ही, कंपनी की प्रगति में संजीव कुमार गुप्ता के अनुभव और मार्गदर्शन को भी महत्वपूर्ण योगदान के रूप में देखा जा रहा है, जिनके संरक्षण में कंपनी ने निरंतर विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। राजीव कुमार गुप्ता के अनुसार कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है।

औद्योगिक जगत के जानकारों का मानना है कि इस प्रकार के सम्मान न केवल उद्योगों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि अन्य उद्यमियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। यह सम्मान गाजियाबाद को प्रदेश के औद्योगिक मानचित्र पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति के तहत संशोधित डीपीआर का प्रस्तुतीकरण, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर रहेगा जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में सोमवार को राज्य सरकार की इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति (2005/2014 एवं अद्यतन प्राविधानों) के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न विकासकर्ताओं द्वारा अपनी परियोजनाओं की संशोधित डीपीआर का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक के दौरान विकासकर्ताओं ने अपनी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रस्तावित संशोधनों और शासन की नीति के अनुसार किए जाने वाले विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा साझा किया।

उपाध्यक्ष महोदय ने प्रत्येक प्रस्तुतीकरण का गहन परीक्षण किया और स्पष्ट किया कि विकास की समस्त प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के दायरे में ही होनी चाहिए।



### परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष ने विकासकर्ताओं को निम्नलिखित मुख्य निर्देश दिए:

**गुणवत्ता और पारदर्शिता:** निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए।

**समयबद्धता:** सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि विकास का लाभ समय पर मिल सके।

**नियमों का पालन:** संशोधित डीपीआर में शासन द्वारा समय-समय पर जारी अद्यतन प्रावधानों का समावेश अनिवार्य है।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि संशोधित डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद इन परियोजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। इससे न केवल संबंधित क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा, बल्कि आम नागरिकों को आधुनिक और उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेंगी। जीडीए ने प्रतिबद्धता जताई है कि सभी विकास कार्य नियमों के अनुसार और प्राथमिकता के आधार पर संपादित किए जाएंगे, जिससे जनहित को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

## एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 के प्रभावी संचालन हेतु निर्देश जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आवास बंधु, उत्तर प्रदेश द्वारा 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस), 2026' के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह योजना बकायेदारों को राहत प्रदान करने एवं राजस्व वसूली को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से लागू की गई है।



निर्देशों के अनुसार, शासनादेश जारी होने के एक माह के भीतर सभी प्राधिकरणों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए ई-मेल, एसएमएस, पत्राचार, शिविरों का आयोजन तथा होर्डिंग आदि माध्यमों का उपयोग किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंच सके। सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे योजना के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ की गई कार्यवाही की सूचना निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।


प्रारंभिक सूचना 28 मार्च, 2026 तक उपलब्ध कराई जानी है, जबकि इसके पश्चात साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट 4 अप्रैल, 11 अप्रैल एवं 18 अप्रैल, 2026 को प्रस्तुत की जाएगी। इसी क्रम में, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा भी निर्देशित किया गया है कि प्राधिकरण की समस्त योजनाओं में प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे सभी लंबित एवं पात्र प्रकरणों में अधिकतम संख्या में लाभार्थियों को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ प्रदान किया जाए। प्रत्येक स्तर पर सक्रिय समन्वय एवं सतत अनुश्रवण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। योजना के अंतर्गत प्रचार-प्रसार की गतिविधियों, शिविरों के आयोजन, होर्डिंग्स/बैनरों की स्थापना एवं अन्य माध्यमों से किए गए प्रयासों का विस्तृत विवरण भी संकलित किया जाएगा, जिससे योजना की प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके।

## कुश्ती खिलाड़ी अस्मिता डे को मिला सब-इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन

### एडिशनल सीपी ने लगाए स्टार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब – यह पुरानी कहावत अब बदल चुकी है। आज के दौर में खेल और शिक्षा दोनों को समान महत्व दिया जा रहा है, और इसी का जीता-जागता उदाहरण हैं गाजियाबाद पुलिस की महिला आरक्षी अस्मिता डे। कुश्ती के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अस्मिता डे को सब-इंस्पेक्टर (एसआई) पद पर पदोन्नत किया गया है।

सोमवार को पुलिस लाइन्स, गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजकरन नैय्यर एडिशनल सीपी और अजय सिंह एसीपी ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिकारियों ने अस्मिता डे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को विभाग लगातार प्रोत्साहित कर रहा है। अस्मिता डे की यह उपलब्धि न सिर्फ उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि यह भी साबित करती है कि खेलों में उत्कृष्टता हासिल कर पुलिस सेवा में भी ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। उनकी सफलता अन्य महिला पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस पर शहीदों को किया नमन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को शहीद दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुराना बस अड्डा स्थित सेंट्रल मार्केट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सरदार भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत को यह देश कभी भूल नहीं पाएगा। सरदार भगत सिंह, सुखदेव सिंह और राजगुरु के बलिदान युवाओं को देश के प्रति जिम्मेदारियां का एहसास कराते हैं। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव की वीरता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशांत गोयल, सुरेंद्र शर्मा, मंजूर अहमद, बाबूराम आर्य, बीडी दुबे, उदय सिंहपाल, सत्य प्रकाश त्यागी, ओम दत्त गुप्ता, सीमा शर्मा, आशुतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी पर प्रमुख मंदिरों के आसपास रहेगी कड़ी सुरक्षा ट्रैफिक पुलिस और एसओजी रहेंगी तैनात





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी राम नवमी और शारदीय नवरात्र के समापन को लेकर शहर के प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ की संभावना के बीच पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है। सोमवार को पुलिस लाइन में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर की अध्यक्षता में ट्रैफिक और पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों और पूजा स्थलों के आसपास ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति न बने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। गर्मियों के मौसम में बढ़ने वाली चेन स्नेचिंग और लूट की घटनाओं को रोकने के लिए थाना स्तर पर सक्रिय एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) टीमों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा। साथ ही सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भी मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में लगाया जाएगा, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### पुलिस रहेगी अलर्ट, करेगी गश्त

**करंट क्राइम :** थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रमुख मंदिरों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करें और लगातार गश्त सुनिश्चित करें। बैठक में ट्रैफिक के तीनों एसीपी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे, जिन्होंने भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की वारदात को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।